www.bharatsamvad.in

R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 39.c
30.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 101.700g
चांदी 106.000 kg

ऐप में पढ़े
E-PAPER
भारत संवाद
Scan for E-Paper or Search on Play store Bharat Samvad E-Paper

2 अपने अधिकार भी जानें महिलाएं, जान से मार देने की घटनाएं कब रुकेंगी?

टैरिफ के बाद अमेरिका वीजा पर सख्त 06

वर्ष :17 | अंक :149 | प्रयागराज , शुक्रवार , 29 अगस्त, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 1 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### दंपति पर चाकू से हमला कर आरोपी ने आत्महत्या की

मध्यप्रदेश के सिवनी में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये ऐंठने को लेकर हुए विवाद में 30 वर्षीय एक व्यक्ति ने दंपति पर चाकू से हमला करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिवनी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि घटना मंगलवार रात को जबलपुर-सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई, जब एक कार में सवार दंपति के साथ बैठे अर्षित वर्मा नाम के व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में पति-पत्नी दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि हमला करने के बाद कार से निकलकर भागे आरोपी अर्षित ने खुद का गला काट कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि हमले में घायलों की पहचान प्रकाश ठाकुर और उसकी पत्नी श्रृद्धा ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, घायल महिला ने बताया कि आरोपी अर्षित उसे उद्योग केंद्र में प्रबंधक पद पर सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र दिलाने के लिए जबलपुर लेकर गया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कई घंटे तक यहां-वहां घुमाने के बाद जब दंपति ने तंग आकर रुपये वापस करने की बात कही तो आरोपी ने उनसे नियुक्ति पत्र ई-मेल पर आने को कहा।

### इंदौर में बर्तनों की दुकान में रहस्यमय धमाका, तीन लोग घायल

इंदौर में बर्तनों की एक दुकान में बृहस्पतिवार को रहस्यमय तौर पर हुये जोरदार धमाके में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। द्वारकापुरी पुलिस थाने के प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि यह धमाका 60 फुट रोड पर बर्तनों की एक दुकान में हुआ। उन्होंने चश्मदीदों के हवाले से बताया कि धमाके की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इससे पास की दुकान की दीवार टूटकर धराशायी हो गई और इसका मलबा उछल कर करीब 25 फुट दूर जा गिरा। थाना प्रभारी ने बताया कि धमाके में घायल तीन लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और इनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। पटेल ने बताया, घायलों में बर्तनों की दुकान से सटी प्लास्टिक सामान की दुकान का मालिक भी शामिल है जिसे धमाके के बाद दीवार गिरने से चोटें आईं। उन्होंने बताया कि धमाके की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और बम निरोधक दस्ते के अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं।

# 'हम एक वोट भी चुराने नहीं देंगे'

## सीतामढ़ी में बोले राहुल गांधी, बिहार की मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख गरीबों के नाम

**'मतदाता अधिकार यात्रा'**

▶▶कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वो एक पवित्र किताब है। इसमें हमारे देश की सोच है, विचारधारा है। संविधान ने ही दलितों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है, लेकिन बीजेपी के लोग ये अधिकार आपसे छीनना चाहते हैं।

एजेंसी

बिहार। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के तहत सीतामढ़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि बिहार के लोग भाजपा और चुनाव आयोग को अपने वोट के अधिकार से छीनने की अनुमति नहीं देंगे। जानकी मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करने के बात राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग बिहार में 'वोट चोरी' करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए हमने यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली है। भाजपा और चुनाव आयोग ये जान लें कि बिहार की जनता जागरूक है, वो इन्हें 'वोट चोरी' करने नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार ने अपनी पूरी ताकत 'वोटर अधिकार यात्रा' में डाल दी है। आज यहां का बच्चा-बच्चा ये कह रहा है कि नरेंद्र मोदी 'वोट चोरी' करते हैं। वोट चोर - गद्दी छोड़। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हमने सबूत के साथ दिखाया है कि बीजेपी ने 'वोट चोरी' की है। भाजपा के लोग ध्यान से सुन लें- हमने अभी सिर्फ एक विधानसभा का सबूत दिया है। आने वाले समय में हम लोकसभा, हरियाणा और बाकी प्रदेशों में भी 'वोट चोरी' का सबूत देंगे। हम ये साबित कर देंगे कि बीजेपी-आरएसएस 'वोट चोरी' कर ही चुनाव जीतते हैं।



**राहुल गांधी का बीजेपी पर तीखा हमला**

बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की आत्मा है, जो दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों को सम्मान और स्वाभिमान का अधिकार देता है. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी मतदाता सूची से 65 लाख वोटों को हटाकर, खासकर दलितों, पिछड़ों और गरीबों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के साथ खड़ा है और बीजेपी को इस 'वोट चोरी' की साजिश में कामयाब नहीं होने देगा.

**हम हर मोर्चे पर मजबूती से खड़े हैं- राहुल गांधी**


राहुल गांधी ने कहा कि, लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला वोट चोरी है. इसके जरिए गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों को छीना जा रहा है. लेकिन याद रखिए बिहार की धरती पर हम किसी भी कीमत पर लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे. वोट चोर सुन लें, जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हम हर मोर्चे पर मजबूती से खड़े हैं.

कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वो एक पवित्र किताब है। इसमें हमारे देश की सोच है, विचारधारा है। संविधान ने ही दलितों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है, लेकिन बीजेपी के लोग ये अधिकार आपसे छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में जो 65 लाख वोट कटे हैं, उनमें दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों के नाम हैं... अमीरों का नाम नहीं है।

# एक साल की बच्ची के जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं ,पालघर में इमारत ढही, 15 की मौत

**पालघर की जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने बृहस्पतिवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में मृतकों की संख्या 15 हो गई है।**

> महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, क्योंकि बचाव दल ने बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात तीन और शव बरामद किए हैं।



**एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर प्रमोद सिंह के अनुसार, एनडीआरएफ की दो टीमें दुर्घटनास्थल पर पहुँचीं – एक मुंबई से और एक पालघर से। जैसे ही रात 12 बजे सूचना मिली, निकटतम टीम ने तुरंत कार्रवाई की।**

एजेंसी

महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, क्योंकि बचाव दल ने बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात तीन और शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फ्लैटों वाली यह अनधिकृत चार मंजिला इमारत बुधवार रात 12.05 बजे विरार इलाके के विजय नगर में एक खाली पड़े मकान पर गिर गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फ्लैट वाली यह अनधिकृत चार मंजिला इमारत मंगलवार रात 12 बजकर पांच मिनट पर विरार इलाके के विजय नगर में एक खाली पड़े मकान पर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची का जन्मदिन मनाया जा रहा था, तभी इमारत के एक हिस्से में 12 फ्लैट ढह गए, जिससे फ्लैट में रहने वाले लोग और मेहमान मलबे में दब गए। पालघर की जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने बृहस्पतिवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में मृतकों की संख्या 15 हो गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दल यह सुनिश्चित करने के लिए मलबा हटाने का काम जारी रखेंगे कि मलबे में कोई और व्यक्ति तो फंसा नहीं है। एनडीआरएफ की टीमों के साथ-साथ अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस सहित आपातकालीन सेवाएँ भी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए हैं और आस-पास की इमारतों की संरचनात्मक अखंडता का आकलन कर रहे हैं।

# संभल डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव, 45% से घटकर 20 फीसदी हुई हिंदू आबादी

> रिपोर्ट के अनुसार, आजादी के समय संभल नगर पालिका क्षेत्र में 55% आबादी मुस्लिम और 45% हिंदू थी; हालाँकि, वर्तमान समय में हिंदू आबादी घटकर 15% रह गई है, जबकि मुस्लिम समुदाय बढ़कर 85% हो गया है। आजादी के बाद से संभल में कुल 15 दंगे हुए हैं।

**जांच कमेटी ने सौंपी सीएम योगी को रिपोर्ट**



एजेंसी

राज्य सूचना विभाग के अनुसार, संभल हिंसा मामले की जाँच के लिए नियुक्त तीन सदस्यीय पैनल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 450 पृष्ठों की इस रिपोर्ट में नवंबर 2024 में हुई संभल हिंसा का विवरण है और शहर में हुए पिछले दंगों का भी ज़िक्र है। रिपोर्ट में संभल में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में भी महत्वपूर्ण विवरण दिया गया है, जहाँ एक समय हिंदू समुदाय के लोग 45 प्रतिशत थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 20 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, आजादी के समय संभल नगर पालिका क्षेत्र में 55% आबादी मुस्लिम और 45% हिंदू थी; हालाँकि, वर्तमान समय में हिंदू आबादी घटकर 15% रह गई है, जबकि मुस्लिम समुदाय बढ़कर 85% हो गया है। आजादी के बाद से संभल में कुल 15 दंगे हुए हैं। 24 नवंबर 2024 को, संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा न्यायालय के आदेश पर किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी।

# अगर हमें फैसला करना होता तो...

## आरएसएस और बीजेपी के बीच मतभेद पर बोले मोहन भागवत, कहीं कोई झगड़ा नहीं है

> भागवत ने कहा कि कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था। इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो।





एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ किसी भी मुद्दे पर सलाह दे सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय भाजपा ही लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि संघ का केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के साथ अच्छा समन्वय है। उन्होंने कहा कि हम हर सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों, दोनों के साथ अच्छा समन्वय बनाए हुए हैं। लेकिन कुछ व्यवस्थाएँ ऐसी भी हैं जिनमें कुछ आंतरिक विरोधाभास हैं।

भागवत ने कहा कि कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था। इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो। भले ही कुर्सी पर बैठा व्यक्ति हमारे लिए पूरी तरह से समर्पित हो, उसे यह करना ही होगा, और वह जानता है कि इसमें क्या-क्या बाधाएँ हैं। वह ऐसा कर भी सकता है और नहीं भी। हमें उसे वह स्वतंत्रता देनी होगी। कहीं कोई झगड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि तो इन सब बातों से ऐसा लगता है कि झगड़ा है। लेकिन संघर्ष तो हो सकता है, झगड़ा नहीं है, क्योंकि लक्ष्य एक ही है, और वो है हमारे देश का भला।

उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ मतभेद हो सकता, पर मन भेद नहीं है। क्या आरएसएस सब कुछ तय करता है? यह बिल्कुल गलत है। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। मैं कई सालों से संघ चला रहा हूँ और वे सरकार चला रहे हैं। इसलिए हम सिर्फ.सलाह दे सकते हैं, फैसला नहीं ले सकते।

# पंजाब के 7 जिलों में बाढ़, पहुंची सेना

## जम्मू में बाढ़ में फंसे 27 जवान, 10 घंटे में रेस्क्यू; हिमाचल के चंबा में घरों में मलबा घुसा

▶▶जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर की टीम ने 10 घंटे में जम्मू के जौरियन में फंसे 27 जवानों को बचाया।



एजेंसी

पंजाब , बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं। राज्य के अजनाला में सेना की एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर की टीम ने 10 घंटे में जम्मू के जौरियन में फंसे 27 जवानों को बचाया। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बेहाल है।


# जब तक मैं जीवित हूं, लोगों का मताधिकार किसी को भी छीनने नहीं दूंगी...

## भाजपा पर बरसीं ममता बनर्जी

बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं।

एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश के विभाजन के दौरान, लोगों की भाषा बांग्ला थी, इसीलिए वे बांग्ला में बात करते हैं। भाजपा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 500 सदस्यीय टीम लाकर सर्वेक्षण कर रही है। अपने दस्तावेज उनके साथ साझा न करें। क्योंकि वे आपके दस्तावेज एकत्र करने और मतदाता सूची से आपके नाम हटाने की योजना बना रहे हैं। बस आधार



कार्ड ले जाएं क्योंकि यह एक अनिवार्य आईडी प्रूफ है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभायी गयी भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है।

# वैष्णो देवी हादसे पर फूटा उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी का गुस्सा

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर उठाए सवाल, कहा- 35 श्रद्धालुओं की मौत नहीं हुई, उन्हें मारा गया है

**डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वैष्णो देवी यात्रा की घटना को लेकर एलजी मनोज सिन्हा को जवाब देना चाहिए। एलजी के कार्यकाल में पहले भी भगदड़ मची थी। जब बादल फटने और भारी बारिश का अलर्ट था, तब यात्रा क्यों नहीं रोकी गई?**



एजेंसी

वैष्णो देवी यात्रा भूस्खलन को लेकर राजनीति तेज हो गई है। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से जवाब मांगा है कि इलाके में बादल फटने और भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा क्यों नहीं रोकी गई। रियासी ज़िले में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के बाद कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वैष्णो देवी यात्रा की घटना को लेकर एलजी मनोज सिन्हा को जवाब देना चाहिए। एलजी के कार्यकाल में पहले भी भगदड़ मची थी।

**वार** | **विपक्ष पर संबित पात्रा का तीखा वार**

# कांग्रेस गाली वाली पार्टी, कूट-कूट के भरा है अहंकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने गुरुवार को बिहार की 'मतदाता अधिकार यात्रा' में इस्तेमाल की जा रही भाषा को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं की आलोचना की और उन पर 'गाली-गलौज की राजनीति' करने का आरोप लगाया। पाात्रा ने कहा कि बिहार में एक यात्रा चल रही है और उस यात्रा में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग हो रहा है, बड़े दुख के साथ उस विषय पर ये प्रेस कांफ्रेंस हम कर रहे हैं। लोकतंत्र में एक मयार्दा होती है, सुषमा स्वाराज जी ने एक बार सदन में कहा था कि हम शत्रु नहीं हैं, विचारधारा के आधार पर विरोधी हैं। संबित पात्रा ने दावा किया कि आज भाषा की मयार्दा तार-तार हो रही है। आज जब माननीय प्रधानमंत्री और उनकी स्वर्गवासी मां के लिए जिस कटुतापूर्ण, अश्लीलता पूर्ण भाषा का प्रयोग किया गया है, उसके लिए आज उस पार्टी को शर्मसार होना चाहिए, जो पार्टी कभी अपने आप को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती है। कांग्रेस पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने आप को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती थी, वो गांधी जी की पार्टी थी। लेकिन, आज जो पार्टी अपने आप को तथाकथित रूप से स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती है, वो आज गाली वाली पार्टी बन गई है। ये महात्मा गांधी जी की पार्टी नहीं, बल्कि तथाकथित नकली गांधी परिवार की पार्टी है। भाजपा सांसद ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस में कूट-कूट के अहंकार भरा हुआ है। इनको लगता है कि भारतवर्ष इन्हीं का है। इनको अगर भारत में गद्दी नहीं मिलती, तो ये लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को मां की गाली भी दे देते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद नेताओं द्वारा महागठबंधन की रैली के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ को निशाना बनाकर की गई गालियाँ बेहद शर्मनाक हैं। और इस चलन की शुरूआत करने वाले राहुल गांधी हैं, जिन्हें खुद प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने में कोई शर्म नहीं आती। उन्होंने कहा कि इस भाषा का कोई जनक है, तो वो है राहुल गांधी! दरभंगा की रैली के मंच से जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी की मां और प्रधानमंत्री जी के लिए कहा गया, उससे ठीक पूर्व लगभग 5-7 दिन से राहुल गांधी प्रधानमंत्री जी को तू कहकर संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर और संजय राउत में कोई फर्क.नहीं रहा।





> पाात्रा ने कहा कि बिहार में एक यात्रा चल रही है और उस यात्रा में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग हो रहा है, बड़े दुख के साथ उस विषय पर ये प्रेस कांफ्रेंस हम कर रहे हैं। लोकतंत्र में एक मयार्दा होती है, सुषमा स्वाराज जी ने एक बार सदन में कहा था कि हम शत्रु नहीं हैं, विचारधारा के आधार पर विरोधी हैं।

# सोरेन ने दुर्घटनाओं में मारे गए तीन कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे



**एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुमला के कांस्टेबल अजीत कुमार, सरायकेला के कांस्टेबल अनिल कुमार और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील कुमार मरांडी अलग-अलग दुर्घटनाओं में मारे गए थे।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले तीन सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को बृहस्पतिवार को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुमला के कांस्टेबल अजीत कुमार, सरायकेला के कांस्टेबल अनिल कुमार और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील कुमार मरांडी अलग-अलग दुर्घटनाओं में मारे गए थे। मृतकों के परिवारों को राज्य विधानसभा में एक विशेष बीमा योजना के तहत यह राशि प्रदान की गई।

सोरेन ने चेक सौंपने के बाद एक्स पर लिखा, हमारी सरकार राज्य में कार्यरत उन कर्मचारियों के परिवारों के साथ हमेशा खड़ी है,


जिनकी सेवा के दौरान किसी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक कर्मचारियों के परिवारों को उनके अधिकार और हक सम्मान के साथ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सम्पादकीय

### अमेरिका से एक और खतरा, टैरिफ के बाद एच-1 बी वीजा खत्म करने का बनाया जा रहा माहौल

यह सही है कि एच-1 बी वीजा का सर्वाधिक लाभ भारतीय उठाते हैं लेकिन ऐसा वे अपनी योग्यता के बल पर करते हैं। तथ्य यह भी है कि इस वीजा व्यवस्था से खुद अमेरिका लाभान्वित हुआ है। यदि उसकी सिलिकान वैली की कंपनियों ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है तो भारतीयों की मेधा के बल पर ।एक ऐसे समय जब भारत सरकार और कारोबार जगत ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति से निपटने में लगा हुआ है, तब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की ओर से एच-1 बी वीजा को धोखाधड़ी करार दिया जाना अमेरिका से उभरने वाले एक और खतरे का संकेत है। भारत को ट्रंप टैरिफ का जवाब देने के साथ इस खतरे से भी निपटने की तैयारी करनी चाहिए, क्योंकि वाणिज्य मंत्री के अतिरिक्त अमेरिकी राष्ट्रपति के कुछ और सहयोगी भी एच-1 बी वीजा खत्म करने की जरूरत जता रहे हैं। इससे यदि कुछ स्पष्ट होता है तो यही कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन भारत के हितों के खिलाफ खड़ा हो गया है। ट्रंप और उनके सहयोगियों के भारत विरोधी रवैए से इस आशंका को बल मिलता है कि वे अपने रणनीतिक सहयोगी भारत को एक बड़ी चुनौती के रूप में देखने लगे हैं। लगता है ट्रंप और उनके साथी इस नतीजे पर पहुंच रहे हैं कि भारत उसके लिए वैसे ही चुनौती बन सकता है, जैसे चीन बन गया है। वे अपने संकीर्ण नजरिए के चलते यह देखने को तैयार नहीं कि चीन तानाशाही शासन और विश्व व्यवस्था को धता बताने वाला देश है, जबकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के प्रतिबद्ध देश है। संभवत ट्रंप और उनके सहयोगियों को यह रास नहीं आ रहा है कि तेजी से अपना कद बढ़ाता भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को लेकर सचेत और सक्रिय है। यदि ट्रंप, उनके सहयोगी और कुछ अमेरिकी विचारक यह समझते हैं कि भारत अमेरिका से सहयोग प्राप्त करने के बदले हर मामले में उसकी हां में हां मिलाए तो यह संभव नहीं। भारत ने तो ऐसा तब नहीं किया, जब वह आर्थिक रूप से कमजोर था। उभरते भारत से तो किसी को भी ऐसी अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। भारत का अतीत इसकी गवाही देता है कि वह कठिन परिस्थितियों में भी अमेरिका के अनुचित दबाव में नहीं आया। यह सही है कि एच-1 बी वीजा का सर्वाधिक लाभ भारतीय उठाते हैं, लेकिन ऐसा वे अपनी योग्यता के बल पर करते हैं। तथ्य यह भी है कि इस वीजा व्यवस्था से खुद अमेरिका लाभान्वित हुआ है। यदि उसकी सिलिकान वैली की कंपनियों ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है तो भारतीयों की मेधा के बल पर। जैसे ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति के दुष्परिणाम अमेरिका को भुगतने होंगे, वैसे ही एच-1 बी वीजा व्यवस्था में भारत को लक्ष्य कर किया जाना वाला बदलाव भी उसे ही क्षति पहुंचाएगा।

## आज का विचार







**मेष राशि :** दिन बेहतरीन रहने वाला है और भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो सकती है और व्यापार में योजनाएं आगे बढ़ेंगी। व्यवसाय के मामले में अपना कारोबार आगे बढ़ाने की दिशा में भी आप विचार कर सकते हैं।

**वृषभ राशि:** स्वास्थ्य थोड़ा खराब रह सकता है, जिसका असर कामकाज पर भी पड़ेगा। ऐसे में सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर होगा और खानपान पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में कोई ऑफर आपको आकर्षित कर सकता है, लेकिन जल्दबाजी में कोई भी कदम आगे बढ़ाने से नुकसान हो सकता है।

**मिथुन राशि :** कार्यक्षेत्र में आप को महत्वपूर्ण योजना आगे बढ़ा सकते हैं। लेकिन इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आपको धैर्य रखना होगा क्योंकि, समय अधिक लग सकता है। आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहेगा और आपको लाभ कमाने के मौके मिलेंगे।

**कर्क राशि :** दिन उत्तम रहने वाला है और आर्थिक मामले में भी खूब लाभ कमाएंगे। बड़ी मात्रा में कहीं से धन लाभ होने के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती जाएगी। कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति भी अच्छी बनी रहेगी, जिससे मन को सुकून महसूस होगा।

**सिंह राशि :** अगर स्वास्थ्य सही नहीं चल रहा था, तो अब आपको राहत मिल सकती है। इसी के चलते कार्यक्षेत्र में भी आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कामकाज को लेकर ज्यादा सक्रिय रह सकते हैं।

**कन्या राशि :** कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से आप किसी परियोजना को पूरा करने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आपकी रचनात्मक क्षमता में भी वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर परिस्थितियों के अनुसार समझदारी और बुद्धिमानी से फैसले लेना लाभदायक सिद्ध होगा। आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा और आप खूब लाभ कमाएंगे।

**तुला राशि:** व्यापार में साझेदारी और संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे में आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। लेकिन आपको काम और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखना होगा, अन्यथा तनाव उत्पन्न हो सकता है। समझदारी से फैसले लेने से आप परिस्थितियों को बेहतर बना लेंगे।

**वृश्चिक राशि:** कार्यक्षेत्र में साहसिक निर्णय लेने और कार्य करने से उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे और सफलता भी प्राप्त करेंगे। लेकिन शारीरिक और मानसिक थकान कुछ परेशान कर सकती है। कुछ मामलों में आपको कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**धनु राशि :** दिन मिलाजुला रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में आपको अपने जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी अन्य व्यक्ति के काम में वक्त लगाने से बचें, अन्यथा आपके महत्वपूर्ण कार्य अधूरे रह सकते हैं।

**मकर राशि :** आपको कुछ बदलावों का सामना करना पड़ सकता है और कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। लेकिन धीरे-धीरे स्थिति बेहतर होती जाएगी और आप उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ने लगेंगे। परिस्थितियों का आकलन करके उसके अनुसार फैसले लेने से आपको लाभ होगा।

**कुंभ राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल सकता है। ऐसे में जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें। अपने पुराने अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मीन राशि :** व्यापार के मामले में आपको अपनी अपेक्षा से कम लाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे मन थोड़ा परेशान रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। परिवार की ओर से सहयोग थोड़ा कम रहने से भी चिंता बढ़ेगी। वहीं, नौकरी के मामले में भी दिन ज्यादा अच्छा नहीं रहेगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अपने अधिकार भी जानें महिलाएं, जान से मार देने की घटनाएं कब रुकेंगी?

> निकिता और उसकी बहन ने डिजिटल मीडिया पर सक्रिय होने के बावजूद अपने पर हो रहे अत्याचारों को लोगों तक नहीं क्यों नहीं पहुंचाया यह प्रश्न विचारणीय है। यदि कागजों में कैद नियमों को धरातल पर सही से उतारा जाए तो शायद परिदृश्य कुछ और होगा और बेखौफ अपराधी अपराध को अंजाम देने के पहले हजार बार सोचेंगे।

ग्रेटर नोएडा के निकिता भाटी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बर्बरता का जो वीडियो समाचार चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया गया, वह किसी को भी सदियों से चले आ रहे पितृसत्तात्मक सोच से रूबरू कराने के लिए काफी है, जहां बल प्रयोग ही मर्दानगी को जताने का उत्तम तरीका माना जाता रहा है। यह मर्दानगी का भ्रम ही है, जो दुष्कर्म, हत्या, हिंसा के रूप में सामने आता रहता है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस घटना में सिर्फ एक नहीं, बल्कि दो-दो महिलाएं पुरुषवादी सोच का शिकार हुई हैं। एक निकिता और दूसरी उसकी सास, जो अपने बेटे का साथ देकर एक महिला होकर भी महिला पर हो रही हिंसा में सहयोगी बनी। यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी महिला को जलाया या मारा गया हो। कभी परंपरा, कभी दहेज, कभी चरित्र तो कभी डायन करार देकर स्त्रियों को जलाए जाने की घटनाओं का सिलसिला न जाने कब से कायम है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की मंशा को आत्मसात करने की बात तो की जाती है, लेकिन बेटियों को व्यवस्था की भेंट चढ़ने से हम रोक नहीं पा रहे हैं। यहां सिमोन दी बोउवा का एक कथन याद आता है कि लड़की



पैदा नहीं होती, बल्कि बनाई जाती है। एक बेटी के जन्म के बाद से जिस तरीके से लड़की होने की दुहाई देकर उसकी परवरिश की जाती है, धीरे-धीरे उसमें विरोध की क्षमता ही खत्म हो जाती है और वह शोषण सहना ही अपनी नियति समझ लेती है। आज भी आम तौर पर बेटी को मायके से यह कहकर विदा किया जाता है कि मायके से डोली उठती है और ससुराल से अर्थी। और डोली उठते ही एक लड़की का या तो मायका होता है या फिर ससुराल, उसका खुद का घर कहां खो जाता है, वह पता ही नहीं चलता, जहां वह हक से और अपने हिसाब से अधिकारपूर्वक रह सके। ऐसी स्थिति में यदि कोई महिला आत्मनिर्भर नहीं है तो वह चाहकर भी विरोध नहीं कर पाती है। दूसरा लोक-लाज के लिहाज के बोझ तले महिलाएं आज भी दबी हुई हैं। उनका दबा होना महिला सशक्तीकरण की बातों को खोखली साबित करता दिखता है। इस परिस्थिति में यदि कोई महिला विरोध करने की हिम्मत जुटा भी लेती है तो व्यवस्था का शिकार हो जाती है। अपने देश में पीड़ित न्याय के लिए आज भी थानों और अदालतों में ठोकर खाते हैं। महिलाओं को न्याय देने के लिए वन स्टाप सेंटर बनाए गए, महिला आयोग का गठन किया गया, लेकिन वे प्रभावी नहीं सिद्ध हो रहे हैं। कई बार अपराधी बेखौफ हो दिखते हैं और व्यवस्था धवस्त। ग्रेटर नोएडा की घटना में अत्याचार की एक और कड़ी है, जिसमें भारी-भरकम दिखावे वाली शादियों और दहेज के नाम पर लड़की वालों से धन वसूली की प्रथा ने बेटी का बाप होना अभिशापित बना दिया है। दहेज लेना और देना, दोनों ही कानूनन अपराध हैं, लेकिन यह जुल्म सदियों से किसी-न-किसी रूप में आज भी समाज में व्याप्त है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? आम तौर पर हर माता-पिता चुपचाप बेटी के ससुराल वालों की मनचाही इच्छाओं को पूरा करते रहते हैं और एक तरह से खुद भी अपराधी बन जाते हैं। लाचार और मजबूर माता-पिता को यह अहसास ही नहीं होता कि देहज प्रथा की आड़ में वे कई अपराधों की नींव रख रहे हैं। अनजाने में वे अनचाही मांगों को पूरा करते रहते हैं और बेटी के घर को बचाने की कोशिश करते हैं। वे न तो इसकी शिकायत करते हैं और न ही बेटी पर हो रहे अत्याचार को तब तक रोकने की पहल करते हैं, जब तक कि आग की लपटें उनके घर तक न पहुंच जाएं। निकिता के पिता ने भारी भरकम दहेज दिया था। उसकी मौत के मामले में पति विपिन भाटी की गिरफ्तारी के बाद से कई बातें सामने आ रही हैं। हत्या हो या आत्महत्या, दोनों ही स्थितियों में फिलहाल शक की सुई विपिन और उसके परिवार वालों पर जा रही है। दोषी कोई भी हो, उसे सजा मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि आज की महिलाएं पहले की तुलना में काफी क्षमतावान हो चुकी हैं। उनके पास तकनीक की ताकत है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। उनके हाथों में ऐसी शक्ति है, जिससे वे अपनी बातों को दूर तक पहुंचा सकती हैं, परंतु दुर्भाग्यवश आज की तमाम महिलाएं फैशन में तो अपडेट रहती हैं, लेकिन अपने अधिकारों के प्रति अपडेट नहीं हो पाई। वे यह नहीं पूछ पाई कि आखिर पुरुषों की लंबी उम्र की कामना बहन, मां या पत्नी ही क्यों करें? पति, भाई या पिता क्यों नहीं ऐसा करते? पतिव्रता पत्नी ही क्यों बने, पति पत्निव्रता क्यों न बने? निकिता और उसकी बहन ने डिजिटल मीडिया पर सक्रिय होने के बावजूद अपने पर हो रहे अत्याचारों को लोगों तक नहीं क्यों नहीं पहुंचाया, यह प्रश्न विचारणीय है। यदि कागजों में कैद नियमों को धरातल पर सही से उतारा जाए तो शायद परिदृश्य कुछ और होगा और बेखौफ अपराधी अपराध को अंजाम देने के पहले हजार बार सोचेंगे। जब ऐसा होगा तभी हमारे समाज में लोग बेटियों को बचा पाएंगे और पढ़ा पाएंगे।

## भारत की शक्ति और हर वैश्विक साझेदारी का भविष्य-लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स का संगम

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारत आज केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है,बल्कि यह विश्व के लिए आशा,स्थिरता और अवसरों का केंद्र बन चुका है। भारत आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसे केवल एक राष्ट्र की उपलब्धि कहना कम होगा ।यह 21वीं सदी के उस नए युग की शुरूआत है यह स्वतंत्रता के 75 से अधिक वर्षों की यात्रा में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि, लोकतंत्र केवल एक शासन पद्धति नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है। इसके साथ ही, भारत की जनसांख्यिकी और विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स ने उसे ऐसे मुकाम पर ला खड़ा किया है, जहां से वह न केवल अपने नागरिकों के भविष्य को संवार सकता है,बल्कि पूरे विश्व के विकास की दिशा भी तय कर सकता है ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से यह लेख तीन मुख्यस्तंभों, लोकतंत्र की शक्ति, जनसांख्यिकीय लाभ और स्किल्ड वर्कफोर्स की क्षमता पर आधारित है, जिनकी वजह से भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच हर रिश्ते को ₹विन-विन सिचुएशन₹ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम भारत की पहली सबसे बड़ी ताकत की करें तो,भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र है ।1950 में संविधान लागू होने के बाद से आज तक भारत ने चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन, नीति निर्माण और नागरिक अधिकारों को जिस मजबूती से कायम रखा है, वह विश्व के लिए उदाहरण है। लोकतंत्र का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिक भागीदारी, न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन की नींव पर खड़ा है। विविधता में एकता इसका सबसे बड़ा परिचायक है, जहां 22 आधिकारिक भाषाएँ, हजारों बोलियाँ,




सैकड़ों धर्म-संप्रदाय और अलग-अलग संस्कृतियाँ होने के बावजूद लोग लोकतांत्रिक रूप से एकजुट रहते हैं। भारत का लोकतंत्र वैश्विक कंपनियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है क्योंकि वे जानती हैं कि यहां नीतियाँ पारदर्शी हैं, कानून का शासन है और निवेशकों के हितों की रक्षा की जाती है ।दुनिया के कई हिस्सों में अधिनायकवाद और राजनीतिक अस्थिरता देखने को मिलती है। अफ्रीकी और एशियाई देशों में सत्ता परिवर्तन अक्सर हिंसा और अराजकता का कारण बनते हैं ।इसके विपरीत भारत ने अपने लोकतांत्रिक ढांचे से स्थिरता का माहौल तैयार किया है। यही कारण है कि विश्व की बड़ी कंपनियाँ भारत को ₹सेफ हैवन₹ के रूप में देखती हैं। चीन या रूस जैसे देशों में निवेश करने पर राजनीतिक जोखिम अधिक होता है, जबकि भारत में लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ स्थिर रहें और निवेश सुरक्षित रहे। यह लोकतंत्र की वही शक्ति है जो भारत को अलग पहचान दिलाती है।

साथियों बात अगर हम भारत की दूसरी सबसे बड़ी ताकत की करें तो वह है उसकी जनसांख्यिकी ।वर्तमान समय में भारत की आबादी लगभग 1.43 अरब है और इसमें से 65 पेर्सेंट से अधिक लोग 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में आते हैं। यह स्थिति भारत को दुनियाँ की सबसे युवा आबादी वाला देश बनाती है। युवा आबादी किसी भी राष्ट्र के लिए ऊर्जा, नवाचार और विकास का प्रतीक होती है। जब यूरोप और जापान जैसे विकसित देश बूढ़ी होती आबादी की समस्या से जूझ रहे हैं, तब भारत के पास एक ऐसा डेमोग्राफिक एडवांटेज है जो उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बना सकता है ।भारत की युवा पीढ़ी तकनीक अपनाने में सबसे आगे है। वे न केवल नई तकनीकों को अपनाते हैं बल्कि स्टार्टअप्स और उद्यमिता की ओर भी बढ़ रहे हैं। यही कारण है कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है ।₹मेक इन इंडिया₹,₹स्टार्टअप इंडिया₹ और ₹डिजिटल इंडिया₹ जैसी योजनाएँ इसी युवा ऊर्जा का परिणाम हैं। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड भारत को न केवल घरेलू विकास की दिशा में मजबूत बना रहा है बल्कि विश्व के लिए भी अवसर पैदा कर रहा है ।भारत की यह जनसांख्यिकी वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। भारत हर साल लाखों इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजमेंट प्रोफेशनल तैयार करता है। यह वर्कफोर्स पूरी दुनिया की जरूरतें पूरी करता है। भारतीय पेशेवर आज अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों और अफ्रीका तक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह युवा आबादी उपभोक्ता बाजार के रूप में भी बेहद आकर्षक है। युवा वर्ग नई तकनीकों, डिजिटल सेवाओं और उपभोक्ता उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है। यही कारण है कि वैश्विक कंपनियाँ भारत को भविष्य का सबसे बड़ा बाजार मानती हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की तीसरी और सबसे महत्वपूर्ण शक्ति की करें तो वह है उसका विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स। भारत के पास आज दुनिया का सबसे बड़ा स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स पूल है ।आईटी, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग, रिसर्च, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में भारतीयों ने अपनी प्रतिभा से पूरी दुनिया में पहचान बनाई है। बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहर वैश्विक आईटी हब के रूप में उभर चुके हैं। भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिकी सिलिकॉन वैली की कंपनियों के लिए रीढ़ की हड्डी बन चुके हैं। हेल्थकेयर के क्षेत्र में भारतीय डॉक्टर और नर्स पूरी दुनिया में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान यह साफ दिखाई दिया कि भारतीय मेडिकल प्रोफेशनल्स की क्षमता कितनी विशाल है। मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। ₹मेक इन इंडिया₹ अभियान ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है और भारत में उत्पादन का माहौल तैयार किया है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जिसने लाखों रोजगार पैदा किए हैं। यह स्किल्ड वर्कफोर्स केवल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचार और विकास के लिए भी अहम है ।साथियों बातें कर हम इन तीनों कारकों,लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स,का संगम भारत को विश्व की बड़ी कंपनियों और सरकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की करें तो, जब कंपनियाँ भारत में निवेश करती हैं

## अर्थतंत्र की ताकत और विज्ञान की भूमिका राष्ट्र के विकास के लिए सर्वोपरि

संजीव ठाकुर

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्त्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है। हमे केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ना होगा। तब जाकर सनातनी सांस्कृतिक,विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन यथोचित तरीके से हो पाएगा । भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों पुराणों और सनातनीं संस्कारों में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण तैयार किया है और वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे ।प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, आत्म विश्वासके घटक मौजूद हों। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास की सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रही है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को एक दिन,वर्ष या दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में आधुनिक रेल वॉर रूम का शुभारंभ

भारत संवाद

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में आपदा प्रबंधन और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक अत्याधुनिक रेल वॉर रूम की स्थापना की गई है। महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने इस नये वॉर रूम का उद्घाटन किया। यह वॉर रूम नवीनतम संचार तकनीक से सुसज्जित है और 247 सक्रिय रहेगा। किसी भी रेल दुर्घटना या असाधारण परिस्थिति, जैसे कि डिरेलमेंट अथवा अन्य आपात घटनाओं की स्थिति में यह वॉर रूम सीधे दुर्घटना स्थल से लाइव फीड प्राप्त करने में सक्षम है। इससे न केवल स्थिति का त्वरित आकलन किया जा सकेगा बल्कि राहत और बचाव कार्यों को तत्काल दिशा देने में भी बड़ी सुविधा होगी।इसके साथ ही, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन सभी स्टेशनों के यार्ड लेआउट की डिजिटल उपलब्धता इस वॉर रूम में सुनिश्चित की गई है। इस व्यवस्था से संचालन एवं नियंत्रण से जुड़े निर्णयों को और अधिक सटीकता व तत्परता के साथ लिया जा सकेगा। यह आधुनिक रेल वॉर रूम, उत्तर मध्य रेलवे की सुरक्षा और दक्षता को नए आयाम प्रदान करेगा। यह न केवल आपदा प्रबंधन को और मजबूत



बनाएगा बल्कि यात्रियों के बीच रेलवे की विश्वसनीयता को भी और अधिक सुदृढ़ करेगा।उत्तर मध्य रेलवे का यह कदम रेलवे प्रशासन की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा, त्वरित सेवा और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

# जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, उपलब्ध व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय अनुपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने एवं उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का दिए निर्देश**

भारत संवाद

प्रयागराज । जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल श्री संजय पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर श्री सत्यम मिश्र, अपर नगर मजिस्टेªट प्रथम श्री अविनाश यादव, अपर नगर मजिस्टेªट द्वितीय श्री प्रेम नारायण प्रजापति के साथ टीम बनाकर स्वरूपरानी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध हो रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों के अपने निर्धारित स्थान पर अनुपस्थित पाये जाने पर गहरा

- ❍ अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध प्रस्तावित की जायेगी अनुशासनात्मक कार्रवाई
- ❍ जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सकों की समय से उपस्थिति, मरीजों का समुचित उपचार तथा ओपीडी में समय से मरीजों का उपचार किये जाने के दिए निर्देश

असंतोष व्यक्त किया और प्रिंसिपल एवं सम्बंधित विभागाध्यक्षों को चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के समय अनुपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने एवं उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत देते



हुए कहा है कि अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया, जिसमें ट्रामासेंटर जी-2 के ड्यूटी पर रोस्टर के अनुसार तैनात डॉ0 राजेश कुमार उपस्थित रहे तथा डॉ0 सत्य प्रकाश अनुपस्थित मिले। रिसेप्शन पर रात्रि शिफ्ट के भीमसेन उपस्थित पाये गये जबकि प्रातः 08:00 बजे मार्निंग शिफ्ट में तैनात पूनम श्रीवास्तव देर से उपस्थित हुई। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में शिफ्टवार तैनात चिकित्सकों के ड्यूटी रूम के बाहर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के शिफ्टवार नाम, मोबाइल नम्बर व समय स्पष्ट रूप से लिखकर सूचना चस्पा कराये जाने के लिए कहा।

फास्ट ट्रैक

## धारा 163 के अन्तर्गत निहित निषेधाज्ञा की अवधि दिनांक 27 अगस्त से दिनांक 25 अक्टूबर तक के लिए रहेगी प्रभावी

भारत संवाद

मीरजापुर - अपर जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार सिंह ने जारी अपने एक आदेश के तहत जनपद मीरजापुर में धरना/प्रदर्शन/सभा, ईद-ए-मिलाद/बारावफात, गणेश उत्सव, शारदीय नवरात्र, दशहरा, महत्मां गॉधी जयन्ती, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, चित्रगुप्त जयन्ती एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं आदि अवसरों पर जनपद में सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद मीरजापुर के सम्पूर्ण क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 दिनांक 27 अगस्त 2025 से दिनांक 25 अक्टूबर 2025 तक प्रभावी रहेगा।इस आदेश अथवा आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। अतः आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्टेडियम भिस्पुरी में आयोजित होंगे तीन दिवसीय वृहद खेल प्रतियोगिता

भारत संवाद

मीरजापुर - मेजर ध्यानचन्द जी के जन्मदिवस ( 29 अगस्त ) के उपलक्ष्य में शासन के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मनाया जा रहा हैं।इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2025 से 31.08.2025 तक तीन दिवसीय वृहद खेल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। जनपद मीरजापुर में आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल और फिटनेस से जुड़ी कई गतिविधयां आयोजित की जाएगी ताकि लोगो का खेल प्रति भागीदारी का बढ़ाया जा सकें। इस दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों की उपस्थिति में लाइव प्रसारण के माध्यम से फिट इंडिया शपथ ग्रहण कराया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मवीर सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर के तत्वाधान में मेजर ध्यानचंद जी जन्म दिवस 29 अगस्त 2025 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों के आयोजन के अन्तर्गत जनपद मीरजापुर जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त 2025 को कार्यक्रम का उद्घाटन/शुभारम्भ मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

भारत संवाद

मीरजापुर - जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि ऋण हेतु आवेदन करने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए ऋण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजनान्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रो को यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रबंधक लीड बैंक ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 22 बैंकों की कुल 206 शाखाओं में से 137 ग्रामीण क्षेत्र, 22 अर्द्धशहरी क्षेत्र एवं 47 शहरी क्षेत्र में है। वाणिज्यिक बैंकों की 131 शाखाएं, ग्रामीण बैंक की 56 शाखाएं, जिला सहकारी बैंक की 16 एवं यूपीएसजीवी की 03 शाखाएं है।

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित शुगर मिल इकाइयों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न

**औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन सरकार की प्राथमिकता**

- ❍ प्रदेश की 133 चीनी मिलें राज्य को बनाती है देश का अग्रणी चीनी उत्पादक
- ❍ चीनी मिलें उन्नत अपशिष्ट उपचार संयंत्र, उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली और ईंधन खपत तकनीकों का करें उपयोग: डॉ. आर.पी. सिंह अध्यक्ष, यूपीपीसीबी




भारत संवाद

लखनऊ, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड ने आज अपने कार्यालय भवन में प्रदेश की 133 शुगर मिल इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. आर.पी. सिंह ने कहा कि चीनी उद्योग की उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश की 133 चीनी मिलें राज्य को देश का अग्रणी चीनी उत्पादक बनाती हैं। ये इकाइयाँ लाखों किसानों और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाती हैं और राज्य की जीडीपी में उल्लेखनीय योगदान देती हैं। उन्होंने चीनी मिलों का आह्वान किया कि वे नवीनतम तकनीकों जैसे उन्नत अपशिष्ट उपचार संयंत्र (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट), उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली और ईंधन खपत तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने 2018 के चार्टर-1.0 की सफलता का उल्लेख करते हुए नवीन चार्टर-2.0 को भी प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) को प्राथमिकता देना आवश्यक है। हमें उत्पादन और अपशिष्ट प्रबंधन में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना होगा। यूपीपीसीबी द्वारा समय-समय पर किए गए निवेश सुधारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि बोर्ड पर्यावरणीय अनुपालन और सहमति प्रक्रियाओं के माध्यम से उद्योगों को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। यूपीएसएमए (UPSMA) के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार डॉ. यशपाल सिंह ने शुगर मिलों की समस्याओं, तकनीकी प्रयासों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी चार्टर-2.0 के कार्यान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक श्री कमल कुमार ने चार्टर-2.0 की आवश्यकता और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया।

# महाप्रबंधक ने ई-बुक नेचर, हेरिटेज, स्पिरिचुअलिटी एंड बियोंड - द एनसीआर सागा (उत्तर मध्य रेलवे के पर्यटन स्थलों पर एक ई- पुस्तक) का किया विमोचन

भारत संवाद

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में, महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने ई-कॉफी टेबल बुक नेचर, हेरिटेज, स्पिरिचुअलिटी एंड बियोंड - द एनसीआर सागा का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री जे. एस. लाकरा, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी और जनसंपर्क विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक उत्तर मध्य रेलवे जोन द्वारा सेवित तीन प्रमुख राज्यों - उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के विविध और विभिन्न पर्यटन स्थलों का व्यापक विवरण प्रदान करती है। इस ई-बुक के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे जोन ऐतिहासिक, इंजीनियरिंग के अदभुत नमूनों, धार्मिक एवं सास्कृतिक स्थल और इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की संस्कृति को दशार्या गया है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत और विविधतापूर्ण परिदृश्य का एक प्रस्तुतिकरण है। यह जोन के महत्व और प्राकृतिक सुंदरता पर भी बल देती है। इन स्थानों के विषय में रेलवे खंडों के अनुसार प्रमुख स्टेशनों और विशिष्ट पर्यटक स्थल तक सेवा प्रदान करने वाली ट्रेनों की जानकारी के साथ विस्तृत रूप से प्रदर्शित किया गया है।विमोचन कार्यक्रम के दौरान, श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने जोन के सुंदर और विविध स्थानों को प्रदर्शित करने के लिए जनसंपर्क विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि यह पुस्तक निश्चित रूप से इन स्थानों का दौरा करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए एक वरदान साबित होगी। यह प्रयास क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।पुस्तक में 09 अध्याय हैं जो खंड-वार स्थानों



को कवर करते हैं- 1-प्रयागराज से पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, 2-प्रयागराज से गाजियाबाद, 3-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से बीना, 4-प्रयागराज से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, 5-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन से मथुरा जंक्शन, 6-कानपुर सेंट्रल से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, 7-ग्वालियर से इटावा और आगरा से इटावा, 8-आगरा - बांदीकुई और 9-मथुरा - अलवर। प्रत्येक अध्याय में कुछ लोकप्रिय और कुछ बहुत कम ज्ञात गंतव्य हैं जो घूमने लायक हैं।पुस्तक के बारे में जानकारी देते हुए उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशिकांत त्रिपाठी ने कहा, यह ई-कॉफी टेबल बुक महत्वपूर्ण के साथ ही उन सभी पर्यटन स्थलों की झलक भी दिखाती है जो पर्यटकों के मध्य कम ज्ञात हैं। यह उस महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है जो उत्तर मध्य रेलवे इन स्थलों तक पर्यटकों को जोड़ने में निभाता है। रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं है, बल्कि यह पर्यटन और सांस्कृतिक जुड़ाव का माध्यम भी है। यह पुस्तक पर्यटकों को इन विरासत स्थलों की यात्रा करने और हमारे देश की सांस्कृतिक समृद्धि को सीधे अनुभव करने के लिए प्रेरित करेगी। मुझे विश्वास है कि यह कॉफी टेबल बुक उत्तर मध्य रेलवे के लिए पर्यटन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# उत्तर मध्य रेलवे : ऊर्जा दक्षता एवं डीजल बचत की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि

## 490 इलेक्ट्रिक इंजनों ने रोक लिया पाँच लाख टन कार्बन उत्सर्जन

- ❍ बिजली के इंजन के प्रयोग से हर वर्ष हो सात करोड़ लीटर डीजल की बचत
- ❍ एचओजी के प्रयोग से हुई 3260 किलो लीटर हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की बचत
- ❍ सौर ऊर्जा संयंत्र से किया कुल 118.7 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन




भारत संवाद

उत्तर मध्य रेलवे (NCR) के करीब 3294 किमी रेलमार्ग पर शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है। इन रेलमार्गों पर लगभग संपूर्ण परिचालन बिजली के लोकोमोटिव से ही हो रहा है। इसके फलस्वरूप विद्युतीकृत रेलमार्गों पर चल रहे 490 इलेक्ट्रिक इंजनों के चलते हर वर्ष सात करोड़ लीटर डीजल की बचत हो रही है। इसके साथ ही, डीजल इंजनों से होने वाले लगभग पाँच लाख टन कार्बन उत्सर्जन को भी इलेक्ट्रिक इंजनों के प्रयोग ने रोक दिया है। अब रेल लाइनों पर न तो गंदगी गिर रही है और न ही हवा में कार्बन डाई आक्साइड का मिश्रण हो रहा है। इसके फलस्वरूप पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ट्रेनों का समय पालन भी बेहतर हुआ है। प्रयागराज मंडल में 1210 रूट किमी, झांसी मंडल में 1354 रूट किमी और आगरा मंडल में 730 रूट किमी रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया गया। इसके साथ ही, उत्तर मध्य रेलवे के सभी मार्गों पर इलेक्ट्रिक इंजनों का संचालन आरंभ हो गया है। यद्यपि, एनसीआर का प्रथम विद्युतीकृत खंड कानपुर-पनकी (1965) था, जिससे इस क्षेत्र में विद्युत रेल परिचालन की शुरूआत हुई। आज उत्तर मध्य रेलवे भारतीय रेल का एक अग्रणी जोन है, जिसने पूर्ण विद्युतीकरण एवं ऊर्जा दक्षता में ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है।

### पावरकार नहीं, एचओजी से मिल रही कोचों को बिजली

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर मध्य रेलवे (NCR) ने 142 ट्रेनों के इलेक्ट्रिक इंजनों में हेड आन जेनरेशन (एचओजी) सिस्टम भी स्थापित कर दिया है। एचओजी सिस्टम के माध्यम से कोचों को भी बिजली मिल रही है।

# ऑपरेशन अमानत के तहत रेलवे सुरक्षा बल/प्रयागराज ने महिला यात्री को उसका छूटा मोबाइल किया वापस

भारत संवाद

प्रयागराज ,रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री की खोई हुई वस्तुओं को उनके स्वामियों को सुपुर्द करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।दिनांक 27.08.2025 को प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या-1 पर फुट ओवर ब्रिज संख्या-4 के पास महिला कांस्टेबल गीता देवी को एक इनफिनिक्स मोबाइल फोन लावारिस अवस्था में प्राप्त हुआ । जिसको उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, प्रयागराज पर जमा कर दिया । तत्पश्चात मोबाइल पर कॉल आने पर उसके स्वामी से संपर्क किया गया। शाम 18:30 बजे मोबाइल स्वामी श्रीमती शिरोमणि शर्मा (निवासी- ग्राम कठौली, थाना मेजा रोड, जिला प्रयागराज) रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज पहुंचीं । रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सत्यापन उपरांत उप निरीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा उक्त मोबाइल फोन को सुरक्षित रूप से उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा व उनके सामान की देखभाल हेतु निरंतर तत्पर है तथा ऑपरेशन अमानत के माध्यम से खोई वस्तुएं यात्रियों को लौटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अनकहे दर्द से कराहता जिला सूचना कार्यालय

**आलाधिकारियों की उदासीनता के चलते कानपुर का जिला सूचना कार्यालय दुर्दशा का शिकार!**



श्याम सिंह पंवार
वरिष्ठ पत्रकार, कानपुर यूपी



- ❍ अब क्या किसी हादसे का है इंतजार...?
- ❍ उत्तर प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग।

भारत संवाद

सूबे के हर जिले में इस विभाग के कार्यालय हैं। कानपुर नगर (जिसे स्मार्ट सिटी का दर्जा दे दिया गया है) का जिला सूचना कार्यालय, ऐतिहासिक गांधी भवन, फूलबाग में स्थित है। जो कि जिले के आलाधिकारियों की उदासीनता और अनदेखी का खामियाजा भुगत रहा है।

जिला सूचना कार्यालय, जोकि सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित की सूचनाओं का प्रसार करने का केंद्र होता है, खुद ही उपेक्षा का शिकार हो गया है। परिणामतः इस कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को दहशत के साये में काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है जबकि प्रस्तावित योजना के तहत ₹सूचना संकुलर₹ बनवाने के लिए शासन और प्रशासन को मेरे द्वारा अनेक भेजे गए लेकिन उन्हें भी कागजी औपचारिकता की भेंट चढ़ा दिया गया गया।

₹जिला सूचना कार्यालय₹ की बदहाली न केवल इस विभाग की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है बल्कि यहां पर तैनात कर्मचारियों को बदहाली में काम करने को मजबूर कर रही है।

आइए, इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करते हैं :-

कानपुर स्मार्ट सिटी के फूलबाग में ऐतिहासिक गांधी भवन है, जो कि देखने में जर्जर हो चुका है।

इसी भवन के कुछ हिस्से से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उप्र का अधीनस्थ ₹जिला सूचना कार्यालय₹ संचालित है।

स्थित यह है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह भवन दिनों - दिन बदहाल होता जा रहा है। दीवारों में दरारें, छत से टपकता पानी और समुचित अन्य साधनों की समस्याएं आम हैं। जिला सूचना कार्यालय में कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य आवश्यक उपकरण पुराने हो चुके हैं, जो आधुनिक सूचना प्रसार के लिए अपर्याप्त हैं। कर्मचारियों को काम करने के लिए न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

इसके अलावा, वर्तमान समय में कार्यालय में फाइलें संभालना जोखिम भरा हो गया है। भवन की स्थिति को देखते हुए यहां कार्यरत कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पढ़ रहा है।

जिला सूचना कार्यालय की इस बदतर स्थिति को उबारने के लिए पिछले कई वर्षों से मैने अनेक पत्र शासन और स्थानीय प्रशासन को भेजे गए हैं। जिसमें यह मांग रही है कि आधुनिक सुविधाओं युक्त ₹सूचना संकुलर₹ का निर्माण किया जाए, जिसमें कार्यालय, प्रशिक्षण कक्ष, मीडिया सेंटर और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाएं शामिल हों।

हालांकि, इन पत्रों का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। शासन स्तर पर केवल कागजी खानापूर्ति की गई झ अर्थात, पत्रों का जवाब तो आया, लेकिन कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया गया।

यह सब दिखाता है कि अधिकारियों ने निष्ठा से अपना दायित्व नहीं निभाया जो कि एक चिंताजनक पहलू है अधिकारियों की उदासीनता का परिचायक है। जिलाधिकारी व मंडलायुक्त कार्यालयों में अनेक विभागीय समीक्षा बैठकें होती हैं, लेकिन फूलबाग कार्यालय की स्थिति पर कोई चर्चा नहीं होती !

मेरे नजरिए से किसी भी विभाग के कार्यस्थल की नाजुक स्थिति का असर वहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के मन मस्तिष्क पर व्यापक प्रभाव डालता है क्योंकि कर्मचारियों के मन में दहशत पनपने से उन की दक्षता घटती है, जिससे कार्य प्रभावित होता है।

वहीं मेरे नजरिए से किसी हादसे का इंतजार न करके समाधान के रूप में प्रभावी कदम उठाया जाए और सूचना संकुल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए, जिसमें सीसीटीवी, गार्ड और सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।

**नमन** ऋषि, वेदों के द्रष्टा और ज्ञान के वाहक : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

# ऋषियों के तप, त्याग और संस्कृति संरक्षण का पावन पर्व, ऋषि पंचमी सप्तऋषियों को नमन

भारत संवाद



ऋषिकेश। ऋषि, वेदों के द्रष्टा और ज्ञान के वाहक हैं, उन्होंने मानवता के लिए संस्कृति और धर्म का मार्ग भी प्रशस्त किया। उनके तप, त्याग और तपस्या से ही भारतीय संस्कृति की जड़ें आज भी जीवंत और अक्षुण्ण बनी हुई हैं। ऋषि पंचमी का पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि ऋषियों का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। आज ऋषि पंचमी के अवसर पर परमार्थ निकेतन में विशेष पूजन-अर्चन किया गया। आज जब आधुनिकता की दौड़ में समाज अपनी जड़ों को भूलने लगा है, तब ऋषि पंचमी का पर्व हमें फिर से अपनी आध्यात्मिक जड़ों की ओर लौटने का आह्वान करता है। ऋषियों ने सिखाया कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और सत्य का आचरण है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भारत की संस्कृति ऋषियों की देन है। उनके ज्ञान और शोध ने ही योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, गणित और दर्शन जैसी अमूल्य परंपराएँ हमें दी हैं। ऋषि पंचमी का पर्व हमें अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर भविष्य की दिशा दिखाता है। आज के समय में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति और प्रभाव पर अक्सर चर्चा करते हैं लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ही समाधान नहीं है। हमें अपनी जड़ों की ओर लौटकर ऋषि इंटेलिजेंस को पुनः अपनाना होगा। ऋषि इंटेलिजेंस का तत्पर्य वह प्राचीन ज्ञान, तप, साधना और जीवन मूल्य जो हमारे सप्तऋषियों और आचार्यों ने मानवता को प्रदान किए। एआई हमें सुविधा देता है, पर ऋषि, बुद्धि व ज्ञान हमें दिशा देती है। एआई हमारे जीवन को तेज बना सकता है, पर ऋषि परंपरा हमें उद्देश्य और मूल्य देती है। यदि हम विज्ञान के साथ अध्यात्म का समन्वय करें तो मानवता की वास्तविक उन्नति संभव है। स्वामी जी ने कहा कि हमें वास्तविक ऊर्जा केवल टेक्नोलॉजी से नहीं, बल्कि ऋषि परंपरा से मिलती है। टेक्नोलॉजी हमें साधन देती है, पर जीवन का साध्य नहीं। यह हमें गति देती है, परंतु दिशा नहीं। मशीनें हमारे कार्यों को सरल बना सकती हैं, लेकिन मन और आत्मा की शांति केवल ऋषियों की शिक्षाओं से ही प्राप्त होती है। ऋषियों ने अपने तप, त्याग और साधना के द्वारा वेद, उपनिषद, योग और आयुर्वेद जैसे ज्ञान-स्रोत हमें दिए। इन खजानों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को समृद्ध किया। आज यदि हम केवल टेक्नोलॉजी पर निर्भर हो जाएँगे, तो हमारा जीवन यांत्रिक बन जाएगा परंतु जब हम विज्ञान और अध्यात्म का संतुलन स्थापित करेंगे, तभी प्रगति सार्थक होगी। ऋषि पंचमी का संदेश यही है कि आधुनिकता के साथ-साथ हमें ऋषि इंटेलिजेंस को भी आत्मसात करना होगा, तभी जीवन समृद्ध, संतुलित और सफल बनेगा।

# अखिल भारतीय समाचार-पत्र एसोशिएशन ने अमित कुमार शर्मा को नियुक्त किया उत्तराखंड राज्य का अध्यक्ष



अखिलेश चन्द्र शुक्ल
राष्ट्रीय अध्यक्ष




भारत संवाद

देहरादून। अखिल भारतीय समाचार-पत्र एसोशिएशन द्वारा उत्तराखंड राज्य पुनर्गठन एवं विस्तार 2025 के क्रम में राज्य अध्यक्ष के रूप में अमित कुमार शर्मा सम्पादक (दैनिक रूद्र टाइम) का चयन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश चन्द्र शुक्ला द्वारा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्य समर्पण के देखते हुए किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा अमित शर्मा द्वारा बीते वर्षों में उत्तराखंड राज्य में संगठन का विस्तार कर संगठन के उद्देश्य पूर्ति हेतु राज्य में अपना सराहीनय योगदान प्रदान किया और हम आशा करते हैं कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी नव गठित टीम के साथ संगठन को और अधिक सशक्त एवं नया स्वरूप प्रदान करेंगे, हमारी शुभकामना सदैव इनके साथ है।

# राजीव सचदेवा लायंस क्लब मयूर के अध्यक्ष मनोनीत

भारत संवाद




सहारनपुर। लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के अधिष्ठापन समारोह मे लायंस राजीव सचदेवा की अध्यक्ष के पद पर ताजापोशी की गई। दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के द्वारा अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे लायंस राजीव सचदेवा की अध्यक्ष के पद व लायंस गोपाल मक्कड़ को सचिव, लायंस अभिषेक सिंघल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष मनोनीत होने पर लायंस राजीव सचदेवा ने कहा की वह समाज के उत्थान के लिए हमेशा कार्य करेंगे। उन्हें जो जिम्मेदारी सोपी गई है उसका वह ईमानदारी के साथ पालन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पीएमजेएफ लायंस सूरज बगला, पीएमजेएफलायंस विनय मित्तल, पीएमजेएफ लायंस आदित्य गुप्ता का लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा लायंस राजीव सचदेवा के अध्यक्ष पद समेत अन्य पदो की घोषणा की गई व उनको नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के द्वारा आर्य समाज स्कूल गिल कॉलोनी को एक वाटर कूलर, एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल व दूसरे को व्हीलचेयर, एक जरूरतमंद महिला को कम पर जाने हेतु साइकिल प्रदान की गई।

अधिष्ठापन समारोह मे लायंस क्लब सहारनपुर मयूर के कई पदाधिकारी के द्वारा अपने विचार भी रखे गए। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती ने अनुपम गुप्ता ने नवनियुक्त अध्यक्ष लायंस राजीव सचदेवा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लायंस क्लब सहारनपुर मयूर सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रिम भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस अनुपम गर्ग, लायंस आशु सिंघल, लायंस मयंक अग्रवाल, लायंस रेखा अग्रवाल, लायंस मिताली सिंह, लायंस सुशील, लायंस संजीव राठी, लायंस सीए अनीश गर्ग, लायंस संजय कुमार, लायंस विवेक सिंघल आदि मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख ने की विकास कार्यों की समीक्षा

भारत संवाद

सहारनपुर(बेहट)। ब्लाक साढ़ौली कदीम के ब्लाक प्रमुख विश्वास चैधरी द्वारा साचिवों की बैठक बुलाकर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिनका लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने सचिवों को अधुरे पड़े विकास कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिये। गुरूवार को ब्लाक प्रमुख विकास चैधरी द्वारा अपने कार्यालय पर सचिवों की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र के ग्रामों में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मीटिंग में कहा कि सभी सचिव अपने अपने क्षेत्र मे पड़ने वाले गांवों में श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान की बरसात मे जो चारदिवारी ध्वस्त एवं उनमें जाने के लिए जो रास्ते खराब हो गए है उनको चिन्हित करते हुए चारदीवारी का निर्माण कराया जाए और रास्ते पर ईंटें आदि बिछाकर समतल कराया जाए

फास्ट ट्रैक

# इंस्पेक्टर योगेंद्र ने साइबर क्राइम रोकथाम निवारण हेतु किया जागरूक




भारत संवाद

वाराणसी। दिनांक 28 अगस्त 2025 को सीएट पब्लिक स्कूल हरबल्लमपुर लमही थाना चोलापुर वाराणसी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सोनकर द्वारा जाकर साइबर क्राइम रोकथाम तथा निवारण के सम्बन्ध में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रधानाचार्य / प्रबंधक तथा अध्यापक/अध्यापिकाओं को सैकड़ों छात्र / छात्राओं को जागरूक किया गया। तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098 ,112 ,181 आदि हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी मुझ प्रभारी निरीक्षक थाना चोलापुर तथा थाना चोलापुर की साइबर क्राइम टीम के द्वारा बताया तथा जागरूक किया गया।

# प्राथमिक विद्यालय करथला में आंगनबाड़ी केंद्र पर एलईडी टीवी का उद्घाटन




भारत संवाद / योगेश शर्मा

उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट बनाने हेतु एलईडी टीवी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय करथला के आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विकास परियोजना अधिकारी राहुल पटेल द्वारा एलईडी टीवी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री कल्पना शर्मा, विज्ञान फाउंडेशन से अरुण शर्मा, प्रधानाध्यापिका गीतिका शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अर्चना सिनसिनवार, पैरामाउंट स्कूल के अध्यक्ष यतेन्द्र जी, सहायक अध्यापक प्रेमपाल जी, सीएचओ प्रियंका जी, ग्राम प्रधान दीपू चौधरी,फिजा खान, राजकुमारी, सहित छोटे-छोटे बच्चे, उनके अभिभावक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ जंक्शन से डेढ़ वर्षीय चोरी हुये बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा एवं अभियुक्त को किया गिरफ्तार

भारत संवाद



रेलवे प्रशासन की सजगता एवं त्वरित कार्यवाई से अलीगढ़ जंक्शन से चोरी हुये बच्चे को शिकायत मिलने के बाद 20 घण्टे में बच्चे को सकुशल बरामद कर अपरहणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 27.08.2025 को राखी देवी पत्नी जयप्रकाश, उम्र 35 वर्ष, निवासी- इछावरी थाना, डिबाई बुलंदशहर अपने अपने डेढ़ वर्षीय बेटे विष्णु एवं परिजनों के साथ दिनांक 21.08.2025 को लगभग 10:00 बजे अलीगढ़ जंक्शन से डिबाई वाली गाड़ी पकड़ने के लिए प्रतीक्षा करते समय स्वचालित सीढ़ियों के पास थक जाने कारण लेट गयी एवं जब दिनांक 22.08.2025 को सुबह करीब 05:00 बजे देखा तो उसका बेटा विष्णु उसके पास नही था। राखी देवी अपने परिजनों के साथ अपने बेटे को खोजती हुई अपनी ससुराल डिबाई चली गयी। राखी देवी ने अपने परिजनों के साथ अपने बेटे को खोजा परन्तु वह नही मिला। दिनांक 27.08.2025 को राखी देवी परिजनों के साथ राजकीय रेलवे पुलिस/अलीगढ़ कार्यालय में उपस्थित हुई और बताया कि उसे शक है कि जहाँ वह सो रही थी वहाँ एक वयक्ति काफी देर से घूम रहा था वही उसके बेटे को ले गया है। राखी देवी की शिकायत को पंजीकृत कर लिया गया रेलवे प्रशासन द्वारा प्रभारी निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल/अलीगढ़; प्रभारी निरीक्षक, राजकीय रेलवे पुलिस/ अलीगढ़ एवं निरीक्षक क्राइम विंग/अलीगढ़ की देखरेख में तत्काल टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने अलीगढ़ स्टेशन परिसर एवं अलीगढ़ शहर में लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच की। अलीगढ़ स्टेशन पर लगे कैमरे की सीसीटीवी फुटेज में उक्त बच्चे को लेकर एक पुरुष सिविल लाइन साइड से निकलता दिखाई दिया। अलीगढ़ नगर निगम के कैमरों को देखने पर अपहरण कर्ता जमालपुर पुल के नीचे से हरदुआगंज स्टेशन की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया। अपरहणकर्ता के गाड़ी संख्या 54351, अलीगढ़-बरेली पैसेंजर से जाने की आशंका पर गठित टीम ने सभी स्टेशनों के सीसीटीवी को चेक किया। अपहरणकर्ता चंदौसी स्टेशन पर ट्रेन से प्लेटफॉर्म न. -2 पर उतरकर चंदौसी शहर की तरफ निकलता दिखाई दिया। चंदौसी शहर के सीसीटीवी चेक करने पर उक्त अपरहणकर्ता बच्चे के साथ शहर से कैथल गांव की ओर जाता दिखाई दिया। कैथल गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने पर बरई चौराहे से धिमरपुरा गांव की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। अपहरणकर्ता धिमरपुरा गांव का था उसे बच्चे के साथ कैथल चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। अपहरणकर्ता से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मनीष पुत्र रामप्रसाद, उम्र 35 वर्ष, निवासी-गांव धिमरपुरा थाना-इस्लामनगर जिला-बदांयू बताया। बच्चे को बरामद करने वाली में रेलवे सुरक्षा बल/अलीगढ़ उप निरीक्षक, धीरज; कांस्टेबल, सूरज कुमार, संदीप कुमार; डिटेक्टिव विंग के उप निरीक्षक, सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल, गौरव कुमार; कांस्टेबल, अशोक कुमार मीना एवं राजकीय रेलवे पुलिस/ अलीगढ़ के निरीक्षक, संदीप तोमर ने महत्वपूर्ण कारी किया।

# ट्रीट लाइट ठीक नहीं, फिर भी ईईएसएल निगम को भेज रही बिल

## नगर निगम ने शहर में स्ट्रीट लाइट का कार्य देख रही ईईएसएल कंपनी को भेजा नोटिस

भारत संवाद



सहारनपुर। नगर निगम ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर महानगर में स्ट्रीट लाइट का कार्य देख रही ईईएसएल कंपनी को अनुबंध के अनुसार कार्य न कर नगर निगम की छवि धूमिल करने तथा शासकीय धनराशि के गबन के प्रयास का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि क्यों न अनुबंध निरस्त कर ईईएसएल कंपनी को ब्लैक लिस्ट करते हुए गलत बिल प्रस्तुत करने के लिए विधिक कार्यवाही की जाए। कंपनी से उक्त के सम्बंध में 04 सितंबर तक जवाब देने को कहा गया है। नगर निगम का नोएडा की ईईएसएल कंपनी के साथ गत 27 सितंबर 2019 को लाइटों के सम्बंध में एक अनुबंध हुआ था। अनुबंध के तहत नगर सीमा क्षेत्र में ईईएसएल कंपनी द्वारा कुल 54165 प्रकाश बिंदु स्थापित किये गए थे (लाइट लगायी गयी थी)। इन लाइटों के अनुरक्षण का कार्य ईईएसएल द्वारा ही किया जाना था। उन्होंने बताया कि इसके लिए समय-समय पर नगर निगम द्वारा ईईएसएल कंपनी को 20 पत्र लिखे गये, लेकिन न तो कंपनी द्वारा किसी पत्र का उत्तर दिया गया और न ही कंपनी की कार्यप्रणाली में कोई सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा बिजली मरम्मत का कार्य स्वयं अपने संसाधनों से कराया जा रहा है। पथ प्रकाश प्रभारी ने बताया कि ईईएसएल कंपनी द्वारा अनुरक्षण एवं अन्य कार्य में लापरवाही बरते जाने के बावजूद बिना कार्य किये अनुरक्षण मद की धनराशि के भुगतान हेतु कंपनी द्वारा बिल प्रस्तुत किये जा रहे हैं। जिससे शासकीय धनराशि के गबन के प्रयास करने की मंशा दृष्टिगत होती है। उन्होंने बताया कि उक्त सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए ईईएसएल कंपनी को कारण बताओं नोटिस भेजा गया है

# दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल (ए.एच.आर.आर) ने चिकित्सा क्षेत्र में हासिल की बड़ी उपलब्धि ,एलॉय (ALLY®) एडेप्टिव कैटरैक्ट ट्रीटमेंट सिस्टम का उपयोग कर रोबोटिक कस्टम लेजर सर्जरी करने वाला बना देश का पहला सरकारी संस्थान

भारत संवाद



सैन्य चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए, दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल (ए.एच.आर.आर) भारत का पहला सरकारी संस्थान और दक्षिण एशिया का दूसरा संस्थान बन गया है, जिसने अत्याधुनिक एलॉय एडेप्टिव कैटरैक्ट ट्रीटमेंट सिस्टम का उपयोग कर रोबोटिक कस्टम लेजर कैटरैक्ट सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। यह उपलब्धि सैन्य अस्पताल के नेत्र विज्ञान विभाग की पहली फेम्टो-सेकंड लेजर असिस्टेड कैटरैक्ट सर्जरी (फ्लेक्स) के साथ रोबोटिक, ब्लेड-लेस और कंप्यूटर-नियंत्रित नेत्र शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में सफल प्रवेश को दशार्ता है। नवीन तकनीक पर आधारित नेत्र की यह सर्जरी ब्रिगेडियर एस.के. मिश्रा ( पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम, एस.एम वी.एस.एम द्वारा 61 वर्षीय श्रीमती बिरामयी देवी (हवलदार रुपेन्द्र, ए.एच.क्यू प्रोविजन यूनिट की मां) पर की गई। मोतियाबिंद जो आंखों के प्राकृतिक लेंस के धुंधलेपन के कारण होता है, दृष्टि हानि का एक सामान्य कारण है। पारंपरिक शल्य चिकित्सा प्रभावी है, लेकिन 'फ्लेक्स' इस क्षेत्र में एक बड़ी तकनीकी प्रगति है। फेम्टोसेकंड लेजर इस शल्य चिकित्सा की सबसे महत्वपूर्ण चरणों – जैसे कॉर्नियल चीरे बनाना, कैप्सुलोटोमी करना और मोतियाबिंद को टुकड़ों में विभाजित करना – को माइक्रॉन स्तर की सटीकता के साथ स्वचालित कर देता है। आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल में फ्लेक्स तकनीक का समावेश इस संकल्प को और मजबूत करता है कि लाभार्थियों को सबसे उन्नत, सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाये। सैन्य चिकित्सा में सटीकता और सर्वोत्तम परिणाम सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और यह तकनीक ठीक वही उपलब्ध कराती है। माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ( पी.वी.एस.एम.,ए.वी.एस.एम, ए.डी.सी) तथा महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएँ, सर्जन वाइस एडमिरल अरति सारिन ( ए.वी.एस.एम, वी.एस.एम) के नेतृत्व में, आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल का नेत्र विज्ञान विभाग निरंतर उन्नत नेत्र देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्लीनिकल उत्कृष्टता के क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है।

# पुलिस ने साइबर ठग से एक लाख की रकम दिलवायी

भारत संवाद

सहारनपुर। थाना साइबर क्राइम, सहारनपुर पुलिस द्वारा साइबर फ्राड के माध्यम से ठगी का शिकार हुए पीडित के खाते में कुल धनराशि एक लाख रुपए की धनराशि वापिस करायी। गत 9 जुलाई को वादी कँवरदीप सिंह सेठी पुत्र स्व मनजीत सिंह सेठी, पुराना आवास विकास सहारनपुर द्वारा थाना साइबर क्राइम,में एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात जालसाज द्वारा वादी को सम्पर्क कर बिजली का बिल जमा करने के नाम पर वादी से व्हाट्एप पर लिंक भेजकर वादी के खाते से कुल 1,63,275 अपने खातों में ट्रांसफर करा लेने की सूचना पर थाना साइबर क्राइम पर मुअस 32/2024 पर पंजीकृत किया गया था।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 25/40 दिनांकः 26.08.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001: 2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30253107 | वेस्टिब्यूल बिलो कम्प्लीट (आरएच साइड) फॉर गैन्गवे ऑफ एलएचबी टाईप कोचेज | 336 नग | 30.09.2025 |
| 2 | 38252663 | अपग्रेडेड हाई कैपेसिटी ड्राफ्ट गियर | 148 नग | 23.09.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव / शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र / परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **1541/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**प्रयागराज-लालकुआँ साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रयागराज-लालकुआँ साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04117/04118 प्रयागराज-लालकुआँ साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| 04117 प्रयागराज-लालकुआँ | | | 04118 लालकुआँ-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| (गुरू) | 23:30 | प्रयागराज | 04:30 | (शनि) |
| (शुक्र)00:58 | 01:00 | फतेहपुर | 00:58(शनि) | 01:00 |
| 03:30 | 03:35 | कानपुर सेंट्रल | 23:35 | 23:40 |
| 04:48 | 04:50 | कन्नौज | 22:10 | 22:12 |
| 05:55 | 06:00 | फर्रूखाबाद | 21:05 | 21:10 |
| 07:30 | 08:00 | कासगंज | 19:10 | 19:40 |
| 08:50 | 08:55 | बदायूं | 18:05 | 18:10 |
| 09:50 | 09:55 | बरेली जं. | 17:15 | 17:20 |
| 10:10 | 10:15 | बरेली सिटी | 16:55 | 17:00 |
| 10:30 | 10:35 | इज्जतनगर | 16:25 | 16:30 |
| 11:23 | 11:25 | बहेड़ी | 15:35 | 15:40 |
| 11:40 | 11:42 | किच्छा | 15:15 | 15:17 |
| 12:45 | (शुक्र) | लालकुआँ | (शुक्र) | 14:50 |

**प्रयागराज से-** गाड़ी सं. **04117** प्रत्येक गुरूवार, दिनांक **18.09.2025** से **06.11.2025** **लालकुआँ से-** गाड़ी सं. **04118** प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक **19.09.2025** से **07.11.2025** **संरचनाः** वाता. तृतीय श्रेणी-02, सामान्य श्रेणी-05, स्लीपर श्रेणी-08, वाता. द्वितीय श्रेणी-01

ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1556/25 FA

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुरी विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुरी साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 01929/01930 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुरी साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| 01929 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुरी | | | 01930 पुरी-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| (शुक्र) | 11:55 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 11:15 | (सोम) |
| 12:18 | 12:20 | दतिया | 09:40 | 09:42 |
| 12:44 | 12:46 | डबरा | 09:08 | 09:10 |
| 13:25 | 13:30 | ग्वालियर | 08:25 | 08:30 |
| 13:52 | 13:54 | मालनपुर | 07:30 | 07:32 |
| 14:20 | 14:22 | सोनी | 06:30 | 06:32 |
| 15:00 | 15:02 | भिंड | 06:10 | 06:12 |
| 15:48 | 15:50 | इटावा | 05:28 | 05:30 |
| 17:10 | 17:15 | गोविंदपुरी | 02:40 | 02:45 |
| 18:30 | 18:32 | फतेहपुर | 00:18(सोम) | 00:20 |
| 19:55 | 20:00 | सूबेदारगंज | 22:45 | 22:50 |
| 22:10 | 22:15 | मिर्जापुर | 21:00 | 21:02 |
| 00:10 | 00:15(शनि) | पं.दीन दयाल उपाध्याय | 19:00 | 19:05 |
| 02:50 | 02:55 | गया | 15:25 | 15:30 |
| 04:10 | 04:12 | कोडरमा | 14:08 | 14:10 |
| 05:15 | 05:17 | पारसनाथ | 13:10 | 13:12 |
| 06:00 | 06:05 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो | 12:30 | 12:35 |
| 09:05 | 09:10 | आद्रा जं. | 10:10 | 10:15 |
| 10:00 | 10:02 | बांकुड़ा | 09:00 | 09:02 |
| 10:28 | 10:30 | विष्णुपुर | 08:28 | 08:30 |
| 11:45 | 11:47 | मेदिनीपुर | 07:18 | 07:20 |
| 12:25 | 12:35 | हिजल्ली | 06:20 | 06:30 |
| 14:53 | 14:55 | बालेश्वर | 04:50 | 04:52 |
| 15:56 | 15:58 | भद्रक | 04:10 | 04:15 |
| 16:30 | 16:32 | जाजपुर केन्द्रुझर रोड़ | 02:35 | 02:37 |
| 17:25 | 17:30 | कटक | 01:45 | 01:50 |
| 18:10 | 18:15 | भुवनेश्वर | 01:00 | 01:05 |
| 18:45 | 18:55 | खोरधा रोड | 00:30(रवि) | 00:35 |
| 20:15(शनि) | -- | पुरी | -- | 23:45(शनि) |

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी से-** गाड़ी सं. **01929** प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक **19.09.2025** से **28.11.2025** **पुरी से-** गाड़ी सं. **01930** प्रत्येक शनिवार, दिनांक 20.09.2025 से 29.11.2025 **संरचनाः** सामान्य श्रेणी-06, स्लीपर श्रेणी-02, वाता. तृतीय श्रेणी-02, वाता. द्वितीय श्रेणी-01

ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1540/25 FA

# आगरा रोड विकास नगर राठी हॉस्पिटल में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

भारत संवाद / योगेश शर्मा



गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में आगरा रोड विकास नगर स्थित राठी हॉस्पिटल में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ बड़े ही भक्ति भाव और उत्साह के साथ किया गया। कथा से पूर्व गौशाला से निकली कलश यात्रा राठी चौराहे पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में आचार्य जी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस अवसर पर समाज सेविका गौरी पाठक, डॉ. आशा राठी, डॉ. रुबीना राठी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**उत्तर मध्य रेलवे**

शुद्धि पत्र सं.:- 64255132/Misc
दिनांकः 26.08.2025

**प्रथम शुद्धि पत्र**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा जारी ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 25/39 दिनांक **22.08.2025** टेण्डर संख्या **64255132A** में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जाता है। **टेण्डर संख्याः** 64255132A, **विविरणः** टेण्डर संख्या, **सेः** 64255132A, **कोः** 64255133A, अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तनीय रहेगी। **1513/25 (MG)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित , 2-संरक्षक-भारत संवाद , आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर , (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त ), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद) , जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद) , माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा। फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



# वेल्लोर का अद्भुत श्रीलक्ष्मी नारायणी मंदिर

**जब भी गोल्डन टेंपल का जिक्र होता है, तो सबसे पहले लोगों की जुबां पर पंजाब के अमृतसर का नाम आता है। गोल्डन मंदिर को स्वर्ण मंदिर भी कहा जाता है। गोल्डन टेंपल सिख धर्म का पवित्र तीर्थ स्थल है। हर साल यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने के लिए आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में सिर्फ एक ही स्वर्ण मंदिर नहीं है। आपको हैरान होने की जरूरत नहीं है। भारत के तमिलनाडु के वेल्लोर नगर में भी एक स्वर्ण मंदिर है। इसको दक्षिण भारत का स्वर्ण मंदिर कहा जाता है। मान्यता है कि यह मंदिर मां लक्ष्मी को समर्पित है और इसको महालक्ष्मी मंदिर भी कहा जाता है।**

### दक्षिण का स्वर्ण मंदिर

साउथ के गोल्डन टेंपल को बनाने में करीब 1500 किलो सोने का इस्तेमाल हुआ है। यह मंदिर तमिलनाडु के वेल्लूर से करीब 7 किमी की दूरी थिरुमलाई कोडी में स्थित है। अगर आप चेन्नई से इस मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं, तो यहां से दूरी करीब 145 किमी है।

श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर का प्रवेश द्वार मुख्य मंदिर से करीब 1.5 से 2 किमी दूरी पर है। द्वार से चलकर मुख्य मंदिर तक जाने के दौरान आपको चारों ओर हरियाली देखने को मिलेगी।

### लक्ष्मीनारायणी मंदिर की खासियत

तमिलनाडु के वेल्लूर में स्थित लक्ष्मी नारायणी मंदिर के निर्माण में कई किलो सोने का इस्तेमाल हुआ है। बताया जाता है कि जब इस मंदिर का निर्माण हुआ था, तो करीब 300 करोड़ रुपए का खर्च आया था। लक्ष्मी नारायणी मंदिर का मुख्य मंदिर और दीवारें सोने की बनी हैं। इस मंदिर में मां लक्ष्मी की करीब 70 किलो की सोने की ठोस मूर्ति स्थापित है। मंदिर में मां लक्ष्मी की मूर्ति देख ऐसा लगता है कि जैसे साक्षात मां लक्ष्मी मंदिर में विराजमान हैं।

यह मंदिर दिन में चमकता है और रात में इसकी भव्यता देखने लायक होती है। मंदिर के परिसर में 27 फीट ऊंचा दीपमाला है। जब इसमें दीपक जलते हैं, तो सोने की चमक में इसकी सुंदरता शब्दों में बयां नहीं की जा सकती है।

### मंदिर में फहराया जाता है तिरंगा

बता दें कि लोकसभा, राष्ट्रपति भवन और अन्य सरकारी इमारतों की तरह साउथ के गोल्डन टेंपल यानी श्रीलक्ष्मी नारायणी मंदिर पर तिरंगा झंडा फहराया जाता है। यह मंदिर हिंदुओं के लिए नहीं बल्कि सभी धर्म के लोगों के लिए खुला रहता है। माना जाता है कि साल 2007 में इस मंदिर का निर्माण पूरा हुआ था। यह मंदिर इतना फेमस है कि प्राचीन मंदिर की सुंदरता और भव्यता भी इससे पीछे रह जाते हैं।

### ऐसे पहुंचे श्री लक्ष्मी नारायणी मंदिर

अगर आप साउथ के गोल्डन टेंपल यानी श्रीलक्ष्मी नारायणी मंदिर जाना चाहती हैं, तो आप यहां पर हवाई, रेल और सड़क मार्ग से आसानी से पहुंच सकती हैं। यह मंदिर तमिलनाडु के वेल्लोर में स्थित है। ऐसे में अगर आप प्लेन से जाना चाहती हैं, तो निकटतम हवाई अड्डा तिरुपति और चेन्नई का पड़ता है। तिरुपति हवाई अड्डे की दूरी करीब 120 किमी और चेन्नई से करीब 145 किमी दूर है। वहीं अगर आप रेल से जा रही हैं, तो वेल्लोर से करीब का रेलवे स्टेशन कटपडी है। जोकि मंदिर से करीब 7 किमी दूर है।

# केरल की इन हसीन जगहों पर जरूर घूमें

केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं।

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।

अल्लेप्पी

अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है।

यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

वायनाड

वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे।

वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

कोवलम


केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

त्रिशूर

केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहासिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।



# प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत है जमशेदपुर के आसपास स्थित ये बेहतरीन जगहें, एक दिन में करें एक्सप्लोर



जमशेदपुर के आसपास घूमने के लिए कई जगह तलाश करते हैं। ऐसे में आज हम आपको जमशेदपुर के आसपास की कुछ खूबसूरत और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक दिन की ट्रिप में एक्सप्लोर कर सकते हैं।

जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा शहर है, जो अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस शहर को स्टील सीटी या टाटानगर के नाम से भी जाना जाता है। जमशेदपुर को देश का औद्योगिक शहर भी माना जाता है। यह झारखंड का एक प्रमुख शहर है, लेकिन जब भी यहां पर घूमने की बात होती है, तो बहुत कम जगहें ऐसी हैं, जहां पर पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसलिए कई लोग जमशेदपुर के आसपास घूमने के लिए कई जगह तलाश करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जमशेदपुर के आसपास की कुछ खूबसूरत और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक दिन की ट्रिप में एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### डालमा हिल्स

जमशेदपुर में जब भी किसी शानदार और खूबसूरत जगह घूमने की बात होती है, तो कई लोग डालमा हिल्स का सबसे पहले नाम लेते हैं। कई लोग इसको दालमा हिल्स के नाम से भी जानते हैं। यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता और लुभावने दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। झारखंड के कई शहरों से पर्यटक डालमा में पिकनिक मनाने के लिए भी पहुंचते हैं। यहां पर लोग एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

डालमा हिल्स व्यू पॉइंट
दलमा वन्यजीव अभयारण्य
मकुलाकोचा
डालमा माई मंदिर
चांडिम डैम

झारखंड में सुवर्णरेखा नदी पर चांडिम डैम स्थित है। यह राज्य का प्रमुख डैम होने के साथ ही एक फेमस खूबसूरत पर्यटन स्थल भी है। यहां का पानी सिंचाई के अलावा औद्योगिक उपयोग, पेयजल और जलविद्युत उत्पादन के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

इस डैम को एक फेमस पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का और प्रकृति का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। चांडिम डैम को साइबेरियन पक्षियों का घर भी माना जाता है। मानसून में इस डैम की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

### घाटशिला

जमशेदपुर से करीब 50 किमी की दूरी पर स्थित घाटशिला एक खूबसूरत और प्रमुख पहाड़ी शहर है। यह राज्य के पूर्वी सिंहभूमि जिले में स्थित है। यह खूबसूरत शहर सुवर्णरेखा नदी के किनारे बसा है। झारखंड में घाटशिला को %उत्सवों का शहर% भी माना जाता है। इस जगह को प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। बुरुडीह झील घाटशिला की शान मानी जाती है।

### यहां घूमें

पांच पांडव स्थल
रंकिणी मंदिर
फूलडुंगरी पहाड़ी
बुरुडीह झील
मुकुटमणिपुर

यह पश्चिम बंगाल की एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक जगह है। जोकि झारखंड की सीमा से कुछ दूरी पर स्थित है। कंगसाबती और कुमारी नदियों के संगम पर मुकुटमणिपुर स्थित है। इसके कारण यहां दोनों ही राज्यों से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। मानसून में मुकुटमणिपुर की खूबसूरती चरम पर होती है।

यहां घूमें मुकुटमणिपुर बांध
परेश नाथ पहाड़ी
हिरण पार्क

# ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया

## बोले- रूसी तेल खरीद इसे बढ़ा रहे; आज सौदे बंद करो, कल एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म हो जाएगा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया है। नवारो ने बुधवार को ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। नवारो ने कहा, भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले



पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है। नवारो ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है। दरअसल, ट्रम्प पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं। इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं। नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66% निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर था। नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया। उन्होंने कहा, भारत में 25% टैरिफ इसलिए लगाए गए क्योंकि वे व्यापार में हमारे साथ धोखाधड़ी करते हैं।

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा कि अगर भारत ने व्यापार को लेकर अपना रुख नहीं बदला तो ट्रम्प और सख्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत झुकने से इनकार करता है तो ट्रम्प भी पीछे नहीं हटेंगे। हैसेट ने कहा कि व्हाइट हाउस भारत के रवैये से निराश है क्योंकि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ दोगुना कर दिया है, लेकिन भारत अब भी अमेरिकी उत्पादों के लिए अपना बाजार खोलने को तैयार नहीं है।


अगर ऐसा ही रहा तो अमेरिका और कड़े कदम सकता है। हैसेट ने बताया कि भारत पर टैरिफ रूस पर दबाव बनाने के लिए लगाए गए हैं। ताकि रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराया जा सके। और लाखों लोगों की जान बच सके। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2% (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था।

# टैरिफ के बाद अमेरिका वीजा पर सख्त

## ट्रम्प के मंत्री बोले- एच-1बी वीजा एक स्कैम, फ्लोरिडा गवर्नर ने कहा- अमेरिकियों की नौकरी छीन रहे भारतीय

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, टैरिफ के बाद अब अमेरिका वर्क वीजा, स्टूडेंट वीजा और ग्रीन कार्ड पर भी सख्ती दिखाने लगा है। सरकार ने नए नियम लाने की तैयारी की है, जिनके तहत विदेशी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों और विदेशी पत्रकारों की वीजा अवधि कम की जाएगी। अभी तक इन लोगों को जरूरत के हिसाब से अमेरिका में रहने की इजाजत थी। लेकिन नए नियम के मुताबिक, विदेशी छात्र और सांस्कृतिक मेहमानों को 4 साल तक का वीजा मिलेगा। विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा। ट्रम्प




प्रशासन का कहना है कि इससे वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। लेकिन इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों और अमेरिका में पढ़ने व काम करने वाले भारतीयों पर पड़ सकता है। इस बीच अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसेंटिस ने एच-1बी वीजा को घोटाला बताया है। डिसेंटिस का कहना है कि इस वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत के लोगों को मिल रहा है। अमेरिका में जारी होने वाले एच-1बी वीजा का लगभग 75% भारतीयों को मिलता है। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, कॉग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा स्पॉन्सर करती हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। स्टूडेंट (एफ वीजा) और एक्सचेंज वीजा (जे वीजा) को लेकर भी ट्रम्प प्रशासन सख्त है। पहले से नियम यह था कि जब तक छात्र का एडमिशन रहता है, उसे रहने की अनुमति मिलती है। लेकिन अब नया नियम यह है कि छात्र और एक्सचेंज वीजा सिर्फ 4 साल तक ही मान्य होंगे। विदेशी पत्रकारों की अवधि 240 दिन तय की जाएगी, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में 1978 से नियम है कि छात्रों और एक्सचेंज वीजा लेने वालों को ड्यूरेशन ऑफ स्टेटस के आधार पर एंट्री मिलती थी। यानी अगर किसी छात्र का दाखिला जारी है, तो उसे बिना बार-बार इमिग्रेशन चेक के अमेरिका में रहने की अनुमति मिल जाती थी। इससे वे अपनी पढ़ाई या एक्सचेंज प्रोग्राम खत्म होने तक रुक सकते थे।

# दावा- ब्रिटेन के 85 इलाकों में पाकिस्तानी रेप गैंग्स एक्टिव

## नाबालिग लड़कियों को ड्रग्स की लत लगाकर रेप करते; पुलिस पर अनदेखी का आरोप

एजेंसी



लंदन, ब्रिटेन के 85 इलाकों में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण होने का मामला सामना आया है। सांसद रूपर्ट लोवे ने 26 अगस्त को एक जांच में दावा किया कि इन इलाकों में कई रेप गैंग एक्टिव है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोवे ने कहा, 'इन रेप गैंग्स के ज्यादातर मेंबर पाकिस्तान मूल के लोग है। जांच में 1960 के दशक तक के मामले सामने आए हैं।' जांच के दौरान सैकड़ों पीड़ितों और उनके परिवारों से बात किया गया साथ ही फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन (ऋडक) के तहत हजारों शिकायत जुटाई गई। सांसद रूपर्ट ने कहा, 'ये लोग कई सालों से अपराध कर रहे हैं और पुलिस और प्रशासन ने इसकी अनदेखी की है।' रिपोर्ट के मुताबिक यह गैंग ज्यादातर गरीब घर की गोरी लड़कियों को शिकार बनाते हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें बचपन में निशाना बनाया गया, ड्रग्स देकर पहले लत लगाया जाता फिर बलात्कार किया गया, और चुप रहने की धमकी दी गई। रिपोर्ट में ब्रिटेन पुलिस, सामाजिक सेवाओं और क्राउन प्रॉसीक्यूशन सर्विस (सीपीएस) पर भी सवाल उठाए गए हैं। कई मामलों में पीड़ितों को गंभीरता से नहीं लिया गया, और कुछ को उनको ही अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस को डर था कि अपराधियों की जाति सामने आने से सामुदायिक तनाव बढ़ सकता है, जिसके कारण कार्रवाई करने में देरी की गई। लोवे ने कहा, 'यह घिनौना अपराध पहले से कहीं ज्यादा फैल गया है। लाखों जिंदगियां इन रेप गैंग्स की वजह से बर्बाद हुई हैं।' टेलफोर्ड इलाके में 40 सालों में 1 हजार से अधिक लड़कियों, जिनमें कई 11 वर्ष की थीं, का यौन शोषण और तस्करी की गई।

वहीं, रोथरहम में साल 1997 से 2013 के बीच लगभग 1,500 लड़कियों को निशाना बनाया गया। सांसद लोवे ने एक पोस्ट में लिखा, 'मुझे पहले कभी इतना यकीन नहीं हुआ कि पाकिस्तानी रेप गिरोह की गतिविधियां इतने बड़े पैमाने पर चल रही होंगी। बलात्कारियों को नजरअंदाज करना नामुमकिन है। अगर किसी विदेशी नागरिक को पता था और उसने कुछ नहीं किया, तो उसे निकाल देना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को पता था और उसने कुछ नहीं किया, तो उस पर भी मुकदमा चलाया जाना चाहिए।' इससे पहले ब्रिटेन के ही एक प्रोफेसर एलेक्सिस जे की स्वतंत्र जांच कमेटी (आईआईसीएसए) ने 2022 में अपनी सात साल की जांच के बाद 20 सिफारिशें दी थीं। इसमें संस्थागत विफलताओं और इंग्लैंड व वेल्स में हजारों पीड़ितों की बात सामने आई थी। इसने बाल यौन शोषण को महामारी करार दिया गया था। जनवरी, 2025 में टेस्ला मालिक मस्क ने ब्रिटेन के ग्रूमिंग गैंग (आपराधिक गिरोह) की आलोचना की थी। इसके बाद सरकार ने ब्रिटिश सहकर्मी और एक्सपर्ट बैरोनेस लुईस केसी को मामले पर एक डेटा रिपोर्ट तैयार करने को कहा। इस रैपिड ऑडिट में ग्रूमिंग गिरोहों के अपराधों और उनकी हिस्ट्री की स्टडी की गई।

# अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

## हथियारों पर लिखा-ट्रम्प को मारो, भारत पर परमाणु बम गिराओ; हमलावर ने खुद को भी गोली मारी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई।



पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे - एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो' और 'भारत पर परमाणु बम गिराओ' जैसे नारे लिखे थे।

दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है। हमलावर की पहचान 23 वर्षीय रॉबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूट्यूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया। मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजराइल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे। इनमें से एक हथियार पर न्यूक इंडिया (भारत पर परमाणु हमला) भी लिखा हुआ था।

# ट्रंप के टैरिफ पर भड़के सपा सांसद अवधेश प्रसाद

### अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद करने की अपील की



एजेंसी

**प्रसाद ने एएनआई से कहा कि जब हम उनके उत्पादों का बहिष्कार करेंगे, तो उन्हें इससे नुकसान होगा। मौजूदा हालात में, यह जरूरी है कि हम अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद कर दें। हमें यह जल्द से जल्द करना चाहिए।**

संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद अवधेश प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद करना समय की माँग है। प्रसाद ने एएनआई से कहा कि जब हम उनके उत्पादों का बहिष्कार करेंगे, तो उन्हें इससे नुकसान होगा। मौजूदा हालात में, यह जरूरी है कि हम अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद कर दें। हमें यह जल्द से जल्द करना चाहिए। इससे पहले, योग गुरु रामदेव ने भी अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में भारतीय नागरिकों से अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का बहिष्कार करने का आग्रह किया और इसे राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही करार दिया। रामदेव ने एएनआई से कहा कि भारतीय नागरिकों को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का कड़ा विरोध करना चाहिए, इसे राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही बताकर। अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेप्सी, कोका-कोला, सबवे, केएफसी या मैकडॉनल्ड्स के काउंटरों पर एक भी भारतीय नहीं दिखना चाहिए। इतना बड़ा बहिष्कार होना चाहिए... अगर ऐसा हुआ, तो अमेरिका में अराजकता फैल जाएगी। अमेरिका में महंगाई इतनी बढ़ जाएगी कि खुद ट्रंप को ये टैरिफ वापस लेने पड़ सकते हैं... ट्रंप ने भारत के खिलाफ जाकर बहुत बड़ी गलती की है। अमेरिका ने सबसे पहले अगस्त की शुरूआत में भारत पर 25% टैरिफ लगाया था। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की। इस बीच, हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना की है कि उन्होंने रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर टैरिफ लगाया है, जबकि चीन और बड़ी मात्रा में तेल खरीदने वाले अन्य देशों को इससे छूट दी है। एक पोस्ट में, समिति ने आरोप लगाया कि टैरिफ के साथ केवल भारत पर ध्यान केंद्रित करने का ट्रंप का फैसला अमेरिकियों को नुकसान पहुँचा रहा है

# किसानों के साथ हो रहा धोखा, हमें अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए

**सरकार ने गुरुवार को शुल्क–मुक्त कपास आयात को तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया। अब कपड़ा व्यापारी 31 दिसंबर तक बिना आयात शुल्क के कपास का आयात कर सकते हैं। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक यह छूट दी थी।**

## ट्रंप टैरिफ पर केजरीवाल ने मोदी सरकार को घेरा

एजेंसी




आप नेता अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि देश के 90-95% किसानों को पता ही नहीं है कि उनके साथ क्या हुआ है। सरकार ने गुरुवार को शुल्क-मुक्त कपास आयात को तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया। अब कपड़ा व्यापारी 31 दिसंबर तक बिना आयात शुल्क के कपास का आयात कर सकते हैं। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक यह छूट दी थी। केंद्र सरकार के अनुसार, कपड़ा व्यापारियों को 50% अमेरिकी टैरिफ के बोझ से राहत देने के लिए यह फैसला लिया गया है। लेकिन भारत सरकार के दावे के विपरीत, केजरीवाल ने कहा कि इस कदम से वास्तव में भारतीय कपास उत्पादकों को नुकसान होगा। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने हमारी पीठ पीछे कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जो पूरे देश के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है। हाल ही में ट्रंप और अमेरिका के दबाव में ये फैसला लिया गया है कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है, उस पर अभी तक 11% ड्यूटी लगती थी... पिछले दिनों मोदी सरकार ने फैसला लिया है कि अमेरिका से आने वाले कपास पर जो 11% ड्यूटी लगती थी, उसे हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब 19 अगस्त से 30 सितंबर तक, यानी 40 दिनों तक अमेरिका से आने वाले कपास पर कोई ड्यूटी नहीं लगेगी। अब अमेरिका से जो कपास आएगा या आना शुरू हो गया है, वो भारत में भारतीय किसानों के कपास से लगभग औसतन 15-20 रुपये प्रति किलो सस्ता है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 50% टैरिफ लगाया है, तो हमें अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से मांग करते हैं कि कपास पर 11% आयात शुल्क वापस लेने के इस आदेश को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए और अमेरिका से आने वाले कपास पर पुनः 11% आयात शुल्क लगाया जाए और हमारे देश के किसानों को बचाया जाए।

# जब बिहार के बच्चों की हत्या हुई थी तब स्टालिन कहाँ थे? तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पर बरसे प्रशांत किशोर

**प्रशांत किशोर ने बिहार में एमके स्टालिन की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान उन पर गंभीर आरोप लगाए, सवाल उठाया कि जब तमिलनाडु में ₹बिहार के बच्चों की हत्या₹ का कथित प्रकरण हुआ था तब वे कहाँ थे। यह तीखा हमला कांग्रेस और तेजस्वी यादव के चरित्र पर भी सवाल खड़ा करता है, जो आगामी बिहार चुनावों से पहले राजनीतिक तापमान बढ़ा रहा है।**



एजेंसी

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा। स्टालिन अपने सहयोगियों और विपक्षी नेताओं के साथ 'मतदाता अधिकार यात्रा' में शामिल हुए और दक्षिणी राज्य में बिहार के बच्चों की कथित हत्या को लेकर स्टालिन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज एमके स्टालिन बिहार आए हैं, उसी तमिलनाडु में जहाँ बिहार के बच्चों की हत्या की गई थी। उस समय स्टालिन कहाँ थे? कहीं न कहीं, यह कांग्रेस और तेजस्वी यादव के चरित्र को भी दर्शाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चुनाव आयोग को कठपुतली बनाने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए गए, तो आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए हार जाएगा। मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित 'मतदाता अधिकार यात्रा' में भाग लेने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तमिल में भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए, तो एनडीए हार जाएगा।

# पेप्सी और मैकडॉनल्ड्स छोड़ो...स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ

**योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए।**

## ट्रंप के टैरिफ पर रामदेव का देसी मंत्र

एजेंसी

योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के बहिष्कार से वाशिंगटन को अपने अनुचित व्यापार उपायों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, नए



रोजगार सृजित करके और रूस, चीन तथा मध्य पूर्व जैसे देशों के साथ साझेदारी बनाकर इस चुनौती को अवसर में बदलना चाहिए। विनिर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, रामदेव ने कहा कि दुनिया भारत से जीवन जीने की कला सीखेगी। उनका पूरा बयान यहाँ देखें।

### योग गुरु रामदेव ने निकाला ट्रंप टैरिफ का तोड़

रामदेव की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के फैसले के कुछ ही घंटों बाद आई है, जो बुधवार को निर्धारित समय पर लागू हो गया। इससे दो शक्तिशाली लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा झटका लगा है, जो हाल के दशकों में रणनीतिक साझेदार बन गए थे। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दक्षिण एशियाई देश से कई आयातों पर ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में जोड़ा गया।

### बाबा रामदेव ने समझाया टैरिफ से मुकाबले का देसी मंत्र

इस कदम को ₹राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही₹ बताते हुए, रामदेव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ₹भारतीय नागरिकों को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए